


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 274 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 21 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# कुम्हारी नगर पालिका सभाकक्ष को देखकर बोले सीएम- पूरा विधानसभा स्टाइल में बने हे

### नगर पालिका भवन के लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री ने की निर्माण कार्य की तारीफ कहा ऐसा पालिका भवन छत्तीसगढ़ में पहली बार देखा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कुम्हारी।** कुम्हारी नगर पालिका के नए भवन का लोकार्पण करते वक्त मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जब इसका सभाकक्ष देखा तो इसकी बनावट की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा कि मतलब पूरा विधानसभा स्टाइल में बने हे। बहुत बढ़िया बनवाए हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा पालिका भवन छत्तीसगढ़ में मैंने नहीं देखा है। बहुत अच्छी तरह से बना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पार्षदों से चर्चा भी की। पार्षदों ने मुख्यमंत्री से कहा कि कुम्हारी नगरपालिका के विकास के लिए जिस तरह से मुख्यमंत्री ने घोषणाएं की हैं उससे नगर में अधोसंरचना के क्षेत्र में और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में बहुत बढ़िया काम हो सका है। हम सब इस से बहुत खुश हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूरा भवन देखा।

नगर पालिका कुम्हारी का भवन जी प्लस टू बनाया गया है। प्रथम तल में सभाकक्ष और दूसरे तल में विभागों की शाखाएं होंगी। उल्लेखनीय है कि इस इमारत की लागत 3 करोड़ 54 लाख रुपये है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत बाड़ी से समूह को प्राप्त होने वाली आय के चेक का वितरण भी किया। उन्होंने इस मौके पर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता ग्राही दीदियों के लिए ई रिक्शा भी दिया।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, दुर्ग संभागायुक्त महादेव कांवड़े, आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, एसपी डॉ अभिषेक पल्लव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक भी वितरित किया। मुख्यमंत्री को इलेक्ट्रिक चाक में मिट्टी के बर्तन बनाकर कुम्हारों ने दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक के माध्यम से आपको हुनर को निखारने के लिए और बेहतर अवसर मिलेगा। साथ ही आप कम समय में अधिक कार्य भी कर पाएंगे।

## खास खबर

### प्रदेश में तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी, गिर सकती है आकाशीय बिजली

**रायपुर।।** मानसून द्रोणिका के प्रभाव के चलते गुरुवार से तीन दिनों तक भारी वर्षा के आसार है। इसके साथ ही गुरुवार को राजधानी एवं प्रदेश में काले बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुआ कहा है की भारी बारिश के साथ बिजली भी गिर सकती है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में में गिरावट आयी है। जिसके कारण मौसम ठंडा हो गया है। हल्की वर्षा के साथ साथ प्रदेश भर में काले बदल छाए हुए हैं।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका गंगानगर, रोहतक और उसके बाद पूर्व- दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। भिलाई का कल अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा, प्रदेश भर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


झारखंड और उसी के पास गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर एक हवा का चक्रवाती घेरा जो की 1.5 किमी से 5.8 किमी उचाई तक विस्तारित है। इसी के प्रभाव से गुरुवार को प्रदेश भर में अलग अलग जगहों में भारी बारिश की सम्भावना है।

#### छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा कोरोना का संक्रमण, 633 नए मरीज मिले, प्रदेश में एक्टिव केस 3303

# पुरैना निवासी बुजुर्ग की कोरोना से मौत

- नए संक्रमण के मामलों में तेजी से लोगों में बढ़ रहा खौफ
- प्रदेश में सबसे अधिक दुर्ग जिले में 568 एक्टिव मरीज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार को प्रदेश में 633 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3303 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 568 दुर्ग व 566 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

दुर्ग जिले में रिसाली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले पुरैना में आज एक बुजुर्ग की कोरोना संक्रमण से मौत हो गई है। इस बीच कोरोना संक्रमण के नए मामलों में बनी हुई तेजी ने स्थानीय लोगों को खौफजदा कर डाला है। इस वक्त प्रदेश में सबसे अधिक दुर्ग जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 568 है। कोरोना के एक्टिव मरीजों के मामले में दुर्ग ने राजधानी रायपुर को भी पीछे छोड़ दिया है।

लंबे अंतराल के बाद आज दुर्ग जिले में एक कोरोना संक्रमित मरीज की मौत से स्वास्थ्य अमले में हड़कंप सी मच गई है। मृतक की उम्र 60 वर्ष है और वह भिलाई-3 के नजदीक रिसाली नगर निगम के पुरैना का निवासी था। तबियत खराब होने पर उसे पदुम नगर स्थित अमित मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई और आज उसने दम तोड़ दिया। हॉस्पिटल प्रबंधन ने इसकी सूचना जिला स्वास्थ्य विभाग को दी। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हॉस्पिटल प्रबंधन को कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए अंतिम संस्कार हेतु शव को 1099 मुक्तांजली वाहन के हवाले करने का निर्देश दिया है।

गौरतलब रहे कि पिछले कुछ दिनों से दुर्ग जिले में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी बनी हुई है। 20 जुलाई को ही दुर्ग जिले में कोरोना के 93 नए मरीजों की पहचान हुई है। इसके साथ ही जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 568 हो गई है। जबकि एक्टिव मरीजों के मामले में हमेशा टॉप पर रहने वाले रायपुर जिले का आंकड़ा दुर्ग से दो कम 566 है। इस तरह पूरे छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिला कोरोना के एक्टिव मरीजों के मामले में सबसे ऊपर बना हुआ है। इस स्थिति में आज हुए कोरोना संक्रमित मरीज की मौत ने भिलाई-दुर्ग के लोगों में खौफ पैदा करने का काम किया है।

#### गाइडलाइन के पालन की अनदेखी

महीने भर पहले से दुर्ग जिला कोरोना संक्रमण के मामले में संवेदनशील बना हुआ है। बावजूद इसके संक्रमण से बचाव के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करने के प्रति लोगों में गंभीरता नदारद है। यहां तक की निगम और पालिका के द्वारा भी शारीरिक दूरी का पालन और मास्क पहनने को लेकर किसी तरह का जागरुकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। बाजारों में भीड़ उमड़ रही है और ज्यादातर चेहरे बगैर मास्क के आसानी से नजर आ रहे हैं। 18 से 59 आयु वर्ग वालों को मुफ्त वैक्सीनेशन की सुविधा के बावजूद केन्द्रों में सीमित संख्या में लोग वैक्सीन का बूस्टर डोज लेने पहुंच रहे हैं। कोविड लक्षण वाले मरीजों में जांच कराने को लेकर किसी प्रकार की गंभीरता देखी नहीं जा रही है।

## भारत नेट परियोजना में देरी पर सरकार ने ठेका लेने वाली कंपनी को दिया नोटिस, मांगा जबाव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बुधवार को राज्य विधानसभा में बताया कि कि भारत नेट परियोजना के तहत काम पूरा करने के लिए एक निजी फर्म को दिया गया समय छह बार बढ़ाया गया है और इस देरी के लिए कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### भूपेश बघेल ने दिया जबाव

भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दूसरे चरण के तहत 5,987 ग्राम पंचायतों को एक साल के भीतर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाना था। मुख्यमंत्री ने उत्तर में कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को 18 जुलाई, 2018 को काम आवंटित किया गया था। इस साल 31 मई तक, 5,036 ग्राम पंचायतों में काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष 951 को कवर करने के लिए एक वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई है।

लक्ष्य को पूरा करने के लिए दिया गया समय छह बार बढ़ाया गया था और एजेंसी को निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य पूरा नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया, उन्होंने कहा कि कार्रवाई प्रक्रिया में है। इस साल 31 मई तक, परियोजना में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 2,464.14 करोड़ रुपये थी, जबकि राज्य की हिस्सेदारी 112.82 करोड़ थी।

राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में छत्तीसगढ़ में करीब 4,000 पंचायतों को शामिल किया गया है। बता दें कि भारत नेट परियोजना ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ने के लिए विकसित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि फेज-2 के तहत, वन विभाग से आवश्यक राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) मंजूरी लंबित होने के कारण आरक्षित वन क्षेत्रों में स्थित गांवों में ज्यादातर ऑप्टिकल फाइबर लाइनें नहीं बिछाई जा सकीं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के वन विभाग ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को पत्र लिखकर इस संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।

## शिक्षाकर्मियों की भर्ती के सबसे बड़े फर्जीवाड़े में 11 साल बाद जिम्मेदार अधिकारी गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के जनपद पंचायत मगरलोड में वर्ष 2007 में हुए शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की भर्ती फर्जीवाड़ा के मामले में करीब डेढ़ दशक बाद अब जाकर अधिकारी की गिरफ्तारी हुई है। दरअसल धमतरी जिले के जनपद पंचायत मगरलोड में वर्ष 2007 में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती के लिए 150 शिक्षाकर्मियों की भर्ती की अनुमति विभाग ने दी थी, मगर जनपद द्वारा कुल 172 पदों पर भर्ती कर दी गई। तब आरोप लगे थे कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे सैकड़ों शिक्षा कर्मियों की भर्ती चयन समिति और छानबीन समिति द्वारा कर दी गई है।

शिक्षाकर्मी भर्ती वर्ष 2007 में हुई। शिक्षाकर्मियों की भर्ती के दस्तावेज सूचना के अधिकार के तहत जुलाई 2011 में देने के बाद भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत पुलिस से की गई। मामला परवान चढ़ा तब सीआईडी पुलिस रायपुर ने इसकी जांच की। इसके बाद एफआईआर दर्ज हुई और अब इसके 10 वर्ष 9 माह बाद की विवेचना के बाद जिला पुलिस ने भर्ती समिति से जुड़े अधिकारी की गिरफ्तारी की है। मामले के मुख्य आरोपी कमलाकांत तिवारी वर्तमान में जिला पंचायत दुर्ग में बतौर परियोजना अधिकारी पदस्थ हैं, जिन्हें पुलिस ने भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया।

#### इन धाराओं में गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में ठगी की धाराओं के साथ ही एसटी-एससी एक्ट अंतर्गत उपबंधित धाराए जोड़ी हैं। गौरतलब है कि शिक्षा कर्मी वर्ग 3 के लिए स्वीकृत पद 150 के विरुद्ध कुल 172 पदों पर भर्ती की गई थी। इनका आदेश पृथक-पृथक अनेकों बार जारी किया गया, जिसमें अभ्यर्थी के निवास के पते को छुपाया गया। चयन समिति के सदस्यों द्वारा अपने परिवार के अनेकों सदस्यों की शिक्षा कर्मी वर्ग 3 के पद पर नियुक्त की गई। इस मामले में अभी तक 19 शिक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जा चुकी है और दर्जनों शिक्षाकर्मी इस्तीफा दे चुके हैं। इसके अलावा मगरलोड पुलिस ने 17 शिक्षाकर्मियों की गिरफ्तारी कर अभियोग पत्र प्रस्तुत भी किया है। जिस पर न्यायालय ने उन्हें कठोर दंड से दंडित किया है। उस दौरान धमतरी में भी इसी तरह शिक्षाकर्मी भर्ती में फर्जीवाड़ा हुआ था। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू की ही शिकायत पर जांच हुई और तत्कालीन जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित चयन समिति से जुड़े अनेक लोगों को जेल की हवा खानी पड़ी थी।

## राष्ट्रपति चुनाव परिणामः कौन होंगे देश के प्रथम नागरिक, नतीजा शाम तक, पहले गिने जा रहे हैं सांसदों के वोट, द्रौपदी मुर्मू का पलड़ा भारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। एनडीए की ओर से द्रौपदी मुर्मू, जबकि विपक्ष की तरफ से यशवंत सिन्हा उम्मीदवार हैं। मुर्मू की जीत की काफी संभावना जताई जा रही है। यदि वह जीत हासिल करती हैं, तो देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बन जाएंगी। नतीजे शाम तक आने की संभावना है। मतगणना का कार्य उसी कमरा नंबर 63 में हो रही है जहां सांसदों के वोट डालने की व्यवस्था की गई थी। इसी कमरे को स्ट्रॉन्ग रूम में बदल कर मतपेटियां रखी गई हैं। यहां सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था है। राष्ट्रपति चुनाव में हुए मतदान में पहले सांसदों के वोट गिने जा रहे हैं। इस बीच भाजपा ने दावा किया है कि द्रौपदी मुर्मू की जीत पक्की है।

#### भाजपा ने की विजय जुलूस की तैयारी

भाजपा नीत एनडीए को पूरा भरोसा है कि द्रौपदी मुर्मू ही विजय होंगी। भाजपा ने विजय जुलूस की भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके



अलावा जीत के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीन किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे।

#### मुर्मू की जीत पर देश में सभी को गर्व की अनुभूति होने वालीः किरेन रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होने से न केवल आदिवासी, बल्कि देश में सभी को गर्व की अनुभूति होने वाली है। मुझे पता चला है कि सभी प्रमुख आदिवासी नेता मुर्मू जी को बधाई देने के लिए दिल्ली आएंगे।

#### राष्ट्रपति को चुनने के लिए वोटों की गिनती शुरू

देश में 15वें राष्ट्रपति को चुनने के लिए वोटों की गिनती शुरू हो गई है। द्रौपदी मुर्मू की जीत लगभग तय मानी जा रही है। मुर्मू के गांव में बांटने के लिए 20 हजार लड्डू तैयार तैयार किए गए हैं।

#### यूपी के विधायकों का मत मूल्य सबसे अधिक

उत्तर प्रदेश के एक विधायक के वोट का मूल्य सबसे अधिक 208 है। इसके बाद झारखंड और तमिलनाडु के विधायकों के मत का मूल्य 176 है, तो महाराष्ट्र के विधायकों के वोट का मूल्य 175 है। सिक्किम के एक विधायक के वोट का मूल्य केवल सात है जो पूरे देश में सबसे कम है। मालूम हो कि देश की पहली महिला राष्ट्रपति होने का गौरव प्रतिभा पाटिल को हासिल है जो 2007 में शीर्ष संवैधानिक पद के लिए चुनी गईं थीं।

## कार को बचाने के चक्कर में पलटी 35 यात्रियों से भरी बस, शीशा तोड़कर निकाले 24 यात्री

**ऋषिकेश (एजेंसी)।** चीला चौकी क्षेत्र के भीमगोड़ा बैराज तिराहे के पास टनकपुर से ऋषिकेश आ रही रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। ऋषिकेश की ओर से आ रही कार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। गुरुवार को बैराज तिराहे के पास यात्रियों की बस हादसे का शिकार हो गए। बस में 35 यात्री सवार थे, जिनमें से 24 यात्री बुरी तरह जख्मी हो गए। पुलिस ने गाड़ी का शीशा तोड़कर 24 यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को हरिद्वार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आजकल हाईवे की जगह चंडी घाट से चीला बैराज होते हुए रोडवेज की बसें भेजी जा रही हैं।

## स्कूल में लगेगी गुरूजी की तस्वीर



दीपक रंजन दास




अब तक सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महापुरुषों की तस्वीरें लगा करती थी। अब मौजूदा गुरुजियों की तस्वीरें भी चस्पा होंगी। फर्क केवल इतना होगा कि गुरुजी की तस्वीर दीवारों पर नहीं बल्कि नोटिस बोर्ड पर टंकी होगी। इसका फायदा यह होगा कि स्कूल की जांच करने के लिए आने वाले अधिकारियों को पता चल जाएगा कि जो नियुक्त है वही पढ़ा रहा है या कोई और उनकी जगह हाजिरी भर रहा है। दरअसल, प्रदेश के दूरस्थ अंचल के स्कूलों में मूल शिक्षकों के स्थान पर दूसरे शिक्षकों के पढ़ाने की जानकारी मिली थी। इसलिए अब ऐसे सभी स्कूलों में मूल शिक्षकों की तस्वीर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि यदि फर्जी शिक्षक मिले तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा ने डीईओ को 10 दिनों के भीतर कार्यवाही करने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही प्रॉक्सी अथवा एवजी शिक्षकों की जानकारी मिलने पर संकुल समन्वयकों को तत्काल इसकी जानकारी बीईओ को देने कहा गया है। सभी शालाओं में कार्यरत सरकारी शिक्षकों के फोटो और उनके नाम सहित विवरण बाहरी दीवार पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी शिक्षकों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कर प्रमाणीकरण करने भी कहा गया है। शाला प्रबंधन समिति व सभी शिक्षकों का परिचय भी पालकों व विद्यार्थियों को देने कहा गया है। अधिया पर नौकरी का मामला कोई पहली बार प्रकाश में नहीं आया है। विडम्बना यह भी है कि जिसके पास पढ़ाने के लिए वक्त है, जो पढ़ाना चाहता है, पढ़ा रहा है, बच्चे पास भी हो रहे हैं, उसके पास नौकरी नहीं है। जिसके पास नौकरी है उसके पास स्कूल के लिए टाइम नहीं है। गुरुजी की फोटो लगाने का यह निर्देश भी कोई फूलप्रूफ नहीं है। जिन स्कूलों की शिकायत मिली है वो सभी दूरस्थ अंचलों की है। ऐसी जगहों पर अमूमन रंगीन फोटो इंकजेट कलर प्रिंटर से निकाले जाते हैं। खुले में लगी ऐसी तस्वीरों का रंग कुछ ही दिनों में उड़ जाना है। सिर्फ आंखों के दो बिंदु, बाल और भौंहें ही बची रहनी है। फोटो की ऐसी गत हुई तो गुरुजी का भाई तो क्या चाचा भी खड़ा होगा तो कोई नहीं पहचान पाएगा। इससे तो अच्छा होता कि गुरुजी को आईकार्ड दे देते। इसे गले में टांगना जरूरी कर दिया जाता। आईकार्ड नहीं तो अटेंडेंस नहीं। आजकल सभी बड़ी कंपनियां ऐसा करती हैं। सुविधाविहीन गांव वैसे भी किसी को आकर्षित नहीं करता। न तो डाक्टर वहां जाना चाहते हैं और न ही शिक्षक। अब जब निरीह ग्रामीण बैगा और ओझा के भरोसे जीवन यापन कर रहे हैं तो ऐवजी शिक्षकों से भी उन्हें क्या ही परहेज होगा। वैसे भी स्कूली शिक्षा पंचायत के अधीन है, फिर सबकुछ पंचायत पर ही क्यों नहीं छोड़ दिया जाता। उन्हें तो पता है कौन नियुक्त है और कौन पढ़ा रहा है।



## संपादकीय

# विक्रमसिंघे की जीत

गहरे आर्थिक-सामाजिक संकट में फंसे श्रीलंका को नया राष्ट्रपति मिलना समाधान की ओर उठा एक कदम है। खास बात यह है कि नया राष्ट्रपति देश पर थोपा नहीं गया है। रनिल विक्रमसिंघे श्रीलंकाई संसद में बहुमत से चुने गए हैं। उन्होंने चुनाव में डलास अल्हाप्पेरुमा और अनुरा कुमारा दिसानायके जैसे कद्दावर नेताओं को पीछे छोड़ दिया। छह बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे ने 134 मतों से जीत हासिल की है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने उचित ही देश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने स्वीकार किया है कि देश बहुत मुश्किल स्थिति में है, हमारे सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं, लेकिन उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि संसद ने उनको चुनौतियां गिनाने के लिए नहीं, बल्कि चुनौतियों से निपटने के लिए चुना है।

> “अतः श्रीलंका के राष्ट्रपति को अपने लिए एक निश्चित समय-सीमा रखनी चाहिए और उसी के तहत देश की जरूरतों को पूरा करना चाहिए। जैसे, उन्हें बताना चाहिए कि वह देश में तेल या ऊर्जा संकट को कब तक दूर कर देंगे? दो-चार दिनों में ही उन्हें देश को आश्वस्ति का एहसास कराना पड़ेगा। लोग जितने संकटों से घिरे हैं, उनमें निश्चित ही धैर्य कम होगा, पर लोगों को अभी संसद के फैसले का सम्मान करना चाहिए। अगर फिर चुनाव हुए, तो इससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अतः लोगों को संयम रखते हुए ईंधन, भोजन, दवा जैसी बुनियादी चीजों की कमी दूर करने में सहयोगी की भूमिका निभानी चाहिए।

बुधवार को हुए इस चुनाव में अगर श्रीलंकाई सांसदों ने रनिल विक्रमसिंघे के अनुभव को तरजीह दी है, तो यह मुनासिब ही है। उनके प्रतिद्वंद्वी राजनेताओं के पास उतना अनुभव नहीं था, जबकि सांसदों को लगता है कि यह समय अनुभव के इस्तेमाल का है। गौर करने वाली बात है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से चल रही बातचीत आगे बढ़ गई है और इस काम को विक्रमसिंघे ही आगे बढ़ा रहे हैं, अतः अभी नया राष्ट्रपति चुनने से बातचीत पर असर पड़ सकता था। फिर विक्रमसिंघे के विदेशी नेताओं के साथ संपर्क भी देश के काम आ सकते हैं। राजपक्षे परिवार के मुखिया जिस मोड़ पर देश को छोड़कर भागे हैं, वहां से देश का सुधार की दिशा में मुड़ना बहुत मायने रखेगा। यह काम अगर विक्रमसिंघे ने कर दिया, तो उनका नाम इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगा। ऐसा संकट दक्षिण एशिया के किसी भी देश में नहीं आया था, श्रीलंका आज ऐसी स्थिति में है कि उसकी मदद करने में भी दुनिया के ज्यादातर देश हिचक रहे हैं। इस देश को अभावों ने इस कदर घेर लिया है कि कर्ज देने वाले राष्ट्रों को अपना पैसा डूबता हुआ दिख रहा है। हालांकि, रनिल विक्रमसिंघे के पास भी समय कम है। लोग केवल राजपक्षे से ही नहीं, बल्कि विक्रमसिंघे से भी इस्तीफा मांग रहे थे। विक्रमसिंघे के घर को भी आग के हवाले किया गया था, लेकिन तब भी वह संसद की पहली पसंद साबित हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस चुनाव में डलास अल्हाप्पेरुमा को लोगों की पसंद बताया जा रहा था। एक आशंका यह भी है कि विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति के रूप में लोग स्वीकार नहीं करेंगे। नए सिरे से देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो सकते हैं, लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो इससे श्रीलंका का समय ही खराब होगा। अभी तो बेहतर यही है कि विक्रमसिंघे के अनुभव के सहारे श्रीलंका मौजूदा संकट से जल्दी से जल्दी उबरने के संकेत देने लगे। अतः श्रीलंका के राष्ट्रपति को अपने लिए एक निश्चित समय-सीमा रखनी चाहिए और उसी के तहत देश की जरूरतों को पूरा करना चाहिए। जैसे, उन्हें बताना चाहिए कि वह देश में तेल या ऊर्जा संकट को कब तक दूर कर देंगे? दो-चार दिनों में ही उन्हें देश को आश्वस्ति का एहसास कराना पड़ेगा। लोग जितने संकटों से घिरे हैं, उनमें निश्चित ही धैर्य कम होगा, पर लोगों को अभी संसद के फैसले का सम्मान करना चाहिए। अगर फिर चुनाव हुए, तो इससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अतः लोगों को संयम रखते हुए ईंधन, भोजन, दवा जैसी बुनियादी चीजों की कमी दूर करने में सहयोगी की भूमिका निभानी चाहिए।

## अनब्रांडेड खाने-पीने, मेडिकल जीएसटी

अभी सरकार ने अनब्रांडेड डिब्बाबंद खाने-पीने की चीजों पर भी पांच फीसदी जीएसटी लगा दिया है। चंडीगढ़ में हुई जीएसटी कौंसिल की पिछली बैठक में कौंसिल ने दूध, दही, पनीर, सूखा मखाना, शहद, सोयाबीन, मटर, चावल, गेहूं, गेहूं का आटा, गुड़ आदि सभी चीजों पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला किया। सोचें, जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले तक आजादी के बाद कभी भी खाने-पीने की चीजों पर टैक्स नहीं लगा था। जीएसटी लागू होने के बाद खाने-पीने की चीजों पर टैक्स लगाया गया तो वह ब्रांडेड और महंगी चीजों तक सीमित था। लेकिन अब बुनियादी जरूरत की हर चीज पर टैक्स लग गया। इससे हर चीज की कीमत बढ़ेगी। छोटे कारोबारियों के संगठन ने इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि खुदरा कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों को इसका फायदा होगा। किसी ने नाम नहीं लिया लेकिन कहने की जरूरत नहीं है कि अडानी, रिलायंस, टाटा जैसी बड़ी कंपनियां जो खाने-पीने की चीजें बना रही हैं या रिटेल कारोबार में उतरी हैं इसका सीधा फायदा उन कंपनियों को होगा।

खुदरा कारोबारियों के संगठनों ने बताया है कि बड़ी रिटेल कंपनियां देश की सिर्फ 15 फीसदी आबादी की जरूरतें पूरी करती हैं। बाकी 85 फीसदी आबादी छोटे खुदरा कारोबारियों की दुकानों में बिकने वाली पैकेज्ड लेकिन अनब्रांडेड वस्तुएं खरीदती है। खाने-पीने की चीजों को पांच फीसदी टैक्स के दायरे में लाने पर यह बड़ी आबादी प्रभावित होगी। सोचें, देश की 85 फीसदी आबादी के लिए खाने-पीने की चीजें महंगी हो रही हैं लेकिन किसी को इसकी परवाह नहीं है। इसी तरह सरकार ने अस्पताल में पांच हजार रुपए से ज्यादा किराए वाले कमरों को जीएसटी के दायरे में ला दिया और होटलों में एक हजार रुपए प्रति दिन किराए वाले कमरे भी जीएसटी के दायरे में आ गए। चेक जारी करने पर बैंक जो शुल्क लेते हैं उनके ऊपर 18 फीसदी जीएसटी लगाया गया है तो बैंकों में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने की वजह से लगाए जाने वाले जुर्माने पर भी जीएसटी लगाया गया है। रेलवे टिकट पर भी सरकार जीएसटी वसूल रही है तो घर पर खाने-पीने की वस्तुएं डिलीवर करने वाली ऐप आधारित कंपनियों की सेवाएं भी टैक्स के दायरे में आ गई हैं। जीएसटी कौंसिल में टैक्स स्लैब बदलने पर चर्चा हो रही है, जिसमें पांच फीसदी वाले स्लैब को हटा कर सीधे आठ फीसदी किया जा सकता है। इससे महंगाई और बढ़ेगी।

**हरिशंकर व्यास**

> “आदिवासी अंचल में सुदूर गांवों में रहने वालों को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत ज्यादा सुविधाएं मिली इसके लिए प्रत्येक सप्ताह नेत्र सहायक के द्वारा नेत्र परीक्षण उपचार एवं दंत चिकित्सक द्वारा दांतों से संबंधित बीमारियों की भी जांच की जा रही है। इस तरह से मुख्यमंत्री हाटल बाजार योजना से मरीजों को बेहतर चिकित्सा परामर्श, निःशुल्क दवा वितरण के साथ ही गंभीर मरीजों को उचित इलाज के लिए उच्च चिकित्सकीय संस्थाओं में रेफर भी किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना से आदिवासियों को मिल रहा है नया जीवन

### सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के घरों तक खुद पहुंच रहा है चलित अस्पताल

### ग्रामीणों की मांग पर बढ़ाए जा रहे हैं हाट बाजार क्लिनिक एवं एमएमयू की संख्या

मनोज सिंह, सहायक संचालक

छत्तीसगढ़ का आदिवासी ग्रामीण जीवन, पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर रहा है। देवी देवताओं पर विश्वास इतना ज्यादा कि कितनी भी बड़ी विपदा आ जाए बैगा पहले और डाक्टर बाद में या फिर डाक्टर के पास तो जाना ही नहीं। सरगुजा संभाग पूरी तरह से प्राकृतिक वन संसाधनों से आच्छादित है। साल और सागौन के साथ बांस के घने जंगल यहां के आदिवासियों के लिए स्वर्ग के समान हैं तभी तो वो जंगल और पहाड़ छोड़कर गांवों में बसने के लिए आना ही नहीं चाहते थे। सरगुजा संभाग में उरांव, कंवर, कोरवा, बिंझवार, नगेशिया जनजाति बहुतायत मात्रा में रहती है और इनमें से ज्यादातर कृषि एवं अपने पुरखो के पारंपरिक कार्यों में ही लिप्त है।

छत्तीसगढ़ एक आदिवासी प्रधान राज्य है जहां के 146 में 85 विकासखंड आदिवासी घोषित हैं। ऐसे में आदिवासियों के उत्थान के लिए राज्य सरकार का कार्य करना लाजमी है। हालांकि पिछले साढ़े तीन वर्षों में जो परिवर्तन आया है वो पहले कभी देखने को नहीं मिला। खास तौर पर आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर जो परिवर्तन आया है उसकी पुष्टि केंद्र सरकार के आंकड़ों से भी हुयी है और ये सब कुछ मुमकिन हुआ है मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशों पर चलाए जा रहे आदिवासी कल्याण की योजनाओं से। इन्हीं योजनाओं में से एक है मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना।



### सुदूर अंचल तक तक पहुंच रही है हाट बाजार क्लिनिक योजना

आदिम समुदाय भले ही जंगलों एवं पहाड़ों को आम तौर पर न छोड़े , लेकिन बाजार करने के लिए वो नियमित रूप से गांवों में आते ही हैं। यही वजह रही की मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच ने हाट बाजार क्लिनिक योजना का रूप लिया। अब आदिवासी जनता को अस्पतालों तक पहुंचने की जरूरत नहीं है, बल्कि अस्पताल खुद उनके घरों के पास पहुंचता है।

सरगुजा संभाग के कोरिया जिले में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी हाट बाजार क्लिनिक योजना से सुदूर एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच अब काफी आसान हो गई है। शहरों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाज़ारों तक हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से निःशुल्क परामर्श ,जांच तथा दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं और इससे योजना की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

एक समय ऐसा था कि कोरिया के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणो को मौसमी बीमारियों की चपेट में आकर अपनी जान गंवानी पड़ती थी, लेकिन बीते साढ़े तीन साल में परिवर्तन ये आया है कि अब इनहें अस्पताल तक नहीं जाना पड़ता, अस्पताल की सारी सुविधाएं हाट बाजार के जरिए इन तक पहुंच रही हैं।

### ग्रामीणों की मांग पर बढ़ रही है हाट बाजार क्लिनिक एवं एमएमयू की संख्या

कोरिया जिले में 35 हाट बाज़ार क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था, इसके लिए 5 एमएमयू की सेवाएं ली जा रही हैं। लेकिन ग्रामीणों की लगातार मांग पर योजना की लोकप्रियता को देखते हुए कोरिया जिला प्रशासन द्वारा 3 अन्य हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है जिससे अब जिले के लोगों को 35 की बजाए 38 हाट बाज़ारों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। डेडिकेटेट वाहनों पर मरीजों का बोझ ना पड़े इसके लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट यानि की एमएमयू की संख्या भी बढ़ाई जाने का प्रावधान किया गया है।

### 3 महीने में 35 हजार से अधिक को मिला निःशुल्क जांच एवं दवाईयों का लाभ

वनाच्छादित कोरिया जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत वर्तमान में 35 साप्ताहिक हाट बाजारों में 5 एमएमयू के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक विकासखण्ड के हाट बाजार में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1 अप्रैल 2022 से अभी तक कुल 35 हजार 675 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा निःशुल्क दवा वितरण का लाभ लिया। इस समयावधि में योजना के अंतर्गत एमएमयू वाहन 538 साप्ताहिक हाट बाजारों में पहुंचे। इस दौरान 53 जरूरतमंदों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया।

आदिवासी अंचल में सुदूर गांवों में रहने वालों को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत ज्यादा सुविधाएं मिली इसके लिए प्रत्येक सप्ताह नेत्र सहायक के द्वारा नेत्र परीक्षण उपचार एवं दंत चिकित्सक द्वारा दांतों से संबंधित बीमारियों की भी जांच की जा रही है। इस तरह से मुख्यमंत्री हाटल बाजार योजना से मरीजों को बेहतर चिकित्सा परामर्श, निःशुल्क दवा वितरण के साथ ही गंभीर मरीजों को उचित इलाज के लिए उच्च चिकित्सकीय संस्थाओं में रेफर भी किया जा रहा है।

# पुलिस के निशाना बनने पर उठे कई गंभीर सवाल

अरुण भगत, पूर्व प्रमुख, आईबी

चौबीस घंटे के अंदर तीन पुलिसवालों के मारे जाने की खबर सुर्खियों में है। पहले हरियाणा, फिर रांची और उसके बाद गुजरात की घटनाओं से व्यवस्था का मनोबल गिरता है और व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर होता है। क्या कानून का भय तेजी से खत्म हो रहा है? आज देश का कोई भी नागरिक इसी सवाल से दो-चार हो रहा होगा।

विशेष रूप से हरियाणा में एक डीएसपी की हत्या से अनेक सवाल खड़े हुए हैं। देश के अनेक क्षेत्रों में खनन माफिया बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। हरियाणा में भी अरावली क्षेत्र में पहाड़ व पत्थर लगातार काटे जा रहे हैं और बहुत हद तक पुलिस अवैध उत्खनन को रोकने में नाकाम ही दिखती है। ऐसी जगह पर किसी बड़े पुलिस अधिकारी का बिना टीम लिए जाना भी चौंकाता है। पुलिस को अच्छी तरह पता है कि उत्खनन माफिया कितना खतरनाक हो चुका है, तो उसके खिलाफ किसी भी कार्रवाई के समय उसे सावधान और तैयार रहना चाहिए। अगर पूरी तैयारी के साथ खनन माफिया को घेरा जाता, तो किसी ड्राइवर या उसके सहायक की ऐसी हिम्मत ही नहीं पड़ती। उस अधिकारी के साथ मेरी सहानुभूति है, पर उन्हें मौके पर अकेले जाने को किसने मजबूर किया? जांच जरूरी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसी घटनाएं हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि इन्हें कैसे रोका जाए? अवैध खनन उद्योग से जुड़े एकाधिक प्रमाण हैं, जिनसे पता चलता है कि यह कारोबार सबकी साठगांठ से चल रहा है। पटवारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत का भी इसमें हाथ होता है। इसमें सिर्फ पुलिस की कमी नहीं है, बल्कि पूरा स्थानीय प्रशासन शामिल दिखता है। रेत माफिया हो या पत्थर माफिया, दोनों से काफी पैसा जुड़ा है। अतः बाधक तत्वों को ये पहले भी आसानी से रास्ते से हटाते रहे हैं। हां, यहां अगर कानून सही ढंग से लागू होता, तो यह नौबत नहीं आती।



हम जानते हैं कि पुलिस की ड्यूटी आसान नहीं होती है, अभी बारिश में मैं देख रहा हूं कि किस तरह वे भीगते हुए भी सेवा दे रहे हैं, पर सेवा देते हुए भी सावधानी हर पुलिसकर्मी को बरतनी चाहिए। पुलिस में कर्तव्यों को सही ढंग से निभाने के लिए ईमानदारी जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी है व्यवस्था का सहयोग। महकमे में शामिल गलत तत्व भी जोखिम की वजह बन गए हैं।

दरअसल, पुलिस सुधार तेजी से होना चाहिए था। कामकाज में सुधार नहीं होगा, तो भीतरी गलत तत्व गलत करेंगे और बच जाएंगे। इससे अच्छे लोगों का मनोबल कमजोर पड़ता है। साफहै, पुलिस की नौकरी के लिए जो प्रतिबद्धता होनी चाहिए, उसमें कमी आ रही है। क्या यह चिंता की बात नहीं है कि समाज के ज्यादातर लोगों ने भ्रष्टाचार को एक तरह से स्वीकार कर लिया है? हमें ध्यान रखना चाहिए कि युवा पहले समाज में तैयार होते हैं और उसके बाद ही पुलिस में भर्ती होते हैं। दूसरे देशों में भी ऐसा हो रहा है। पुलिसकर्मी बनने से पहले जो स्वभाव बन जाता है, वह आगे भी बना रहता है। नैतिकता अगर शुरू से कमजोर होती है, तो आगे उसमें सुधार की गुंजाइश कम होती है।

अब कोई दूसरा रास्ता नहीं है। अगर अपराधी या कानून तोड़ने वाले आम लोग पुलिसिया चौकसी को रौंद देना चाहते हैं, तो पुलिस को बिना पक्षपात के कानून-सम्मत कड़ी कार्रवाई करके अपनी प्रभावशीलता बढ़ानी चाहिए। पुलिस में थोड़ा सुधार तो हुआ है, चीजें डिजिटल हो रही हैं। वाहन परिवहन में भी सुधार हुआ है, लेकिन बहुत से ऐसे सुधार हैं, जिनको जल्दी आजमाना चाहिए। कानून व्यवस्था के संचालन में किसी पुलिस वाले की जान न जाए, यह ध्यान रखना चाहिए। अमेरिका में भी हम देखते हैं कि पुलिसकर्मी मारे जाते हैं। दुनिया में आज हिंसा अगर बढ़ रही है, तो उसकी जड़ों को भी देखना चाहिए। परिवार और स्कूलों में भी नैतिकता की चिंता करने का समय है। अगर हम नैतिकता पर ध्यान नहीं देंगे, तो कानून के दुरुपयोग और कानून तोड़ने की घटनाएं बढ़ती जाएंगी।

पुलिस के पास पर्याप्त शक्ति है, पर उसे सचेत और सेवा के प्रति ज्यादा प्रतिबद्ध होने की जरूरत है, तभी वह अपनी जान, सम्मान और संविधान की रक्षा करने में ज्यादा सक्षम होगी। समाज पुलिस को सुधारे और पुलिस समाज को, तो ही कानून व देश का सम्मान बढ़ेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





उनसे इश्क ऐसा हुआ कि हम हजार जिंदगी जी लिए रहें, कुछ पल साथ पर लम्हों में जिंदगी के यादगार पल जी लिए।

-अंजली जैन
7024460938

# ज्ञान बटोरिए पर पहले थोड़ा टटोलिए!

अजीत द्विवेदी

लंबे समय से टेलीविजन पर ऐसा कोई विज्ञापन नहीं आया था, जिसकी चर्चा हो या जिसके मुहावरे लोगों की जुबान पर चढ़ जाएं। कुछ विज्ञापनों का धार्मिक व सांस्कृतिक कारणों से विरोध जरूर हुआ लेकिन कोई विज्ञापन ऐसा नहीं आया था, जो समाज की किसी भी हकीकत पर उंगली रखता हो। यह सूखा दूर हुआ है 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के विज्ञापन से। नए सीजन के तीन विज्ञापनों ने भारत की मौजूदा समय की सबसे बड़ी समस्याओं पर उंगली रखी है। इस समय भारत की सबसे बड़ी समस्या है, झूठ! और दूसरी समस्या है वैकल्पिक सच की प्रस्थापना! ये दोनों काम पारंपरिक और सोशल मीडिया के जरिए बहुत व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। कुछ लोग किसी खास मकसद से इस काम को अंजाम दे रहे हैं तो कुछ लोग अपनी धार्मिक-सामाजिक आस्था की वजह से इसमें शामिल हैं और कुछ लोग अनजाने में इसका हिस्सा बन रहे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के विज्ञापन में अमिताभ बच्चन इन तीनों किस्म के लोगों को बेनकाब कर रहे हैं।

पहली किस्म उन लोगों की है, जो पारंपरिक मीडिया से जुड़े हैं और जिन लोगों ने दो हजार रुपए के नए नोट में चिप लगी होने की खबर दी थी। एक विज्ञापन में इन लोगों का मजाक उड़ाया गया है। बताया गया है कि आंख मूंद कर टेलीविजन चैनलों की खबरों पर भरोसा करने वालों को कितना नुकसान हो सकता है। दूसरी किस्म उन लोगों की है, जिनके लिए न्यूज का एकमात्र स्रोत व्हाट्सऐप संदेश हैं। उनके पास व्हाट्सऐप पर फॉरवर्ड होकर मैसेज आते हैं और वे उन पर भरोसा करते हैं। उनको पता नहीं होता है कि सोशल मीडिया पर उनकी प्रोफाइलिंग हुई है और जो मैसेज उनको मिल रहा है वह उनकी जाति, धर्म और राजनीतिक रूझान को जानने के बाद डिलीवर किया जा रहा है। अपने विश्वास या अपनी कंडीशनिंग की वजह से वे इस मैसेज को दिल से स्वीकार करते हैं और उस पर भरोसा करते हैं। दूसरे विज्ञापन में ऐसे लोगों पर तंज है, जो सोशल मीडिया के फॉरवर्ड को अंतिम ज्ञान समझते हैं। तीसरी किस्म उन लोगों की है, जो बेवजह हड़बड़ी में हैं और बिना जांचे-समझे खबरों पर यकीन करते हैं और उसे फॉरवर्ड भी करते हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' के तीसरे विज्ञापन में, ऐसे लोगों पर तंज है, जिनको लगता है कि उनके पास समय बहुत कम है और बहुत काम करना है। तीनों विज्ञापनों की टैगलाइन है कि 'ज्ञान जहां से मिले बटोर लीजिए पर पहले जरा टटोल लीजिए'। यह अच्छी लाइन है। हालांकि यह अलग बात है कि किसी भी सूचना या जानकारी को ज्ञान नहीं कहा जा सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg. Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## नारायणपुर जिले के विशेष पिछड़ी अबुझमाड़िया जनजाति के 7 युवाओं को मिला शासकीय नौकरी का नियुक्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जताया आभारनारायणपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति अबूझमाड़िया के सात युवाओं को शासकीय नौकरी प्रदान की गई है। उन्हें आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन सात युवाओं सहित 55 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ शासकीय नौकरी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के इसी मंशानुरूप सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक उत्थान के लिए इस वर्ग के पढ़े-लिखे युवक-युवतियों को चतुर्थ एवं तृतीय वर्ग में शासकीय नौकरी में प्राथमिकता दी जा रही है।




कलेक्टर श्री रघुवंशी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थी लगन के साथ काम करें। स्थानीय स्तर पर ही शासकीय नौकरी मिलने से विशेष पिछड़ी अबुझमाड़िया जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार ने भी सभी चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत की और उनकी शैक्षणिक योग्यता, गांव, पिता का व्यवसाय आदि के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि अपनी शिक्षा का जारी रखते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने मित्रों को भी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सहायक ग्रेड 03 में चयनित श्री लालूराम उसेण्डी ने बताया कि वह नारायणपुर जिले के धुर नक्सल प्रभावित कुतुल से 25 किलोमीटर दूर उसेबेड़ा गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि पहली से कॉलेज तक की पढ़ाई शासन की योजनाओं से लाभ लेकर किया है। देश के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए विशेष पिछड़ी जनजातियों अबूझमाड़िया के युवाओं को शासकीय नौकरी देने के लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। जिले के अंदरूनी गांवों के युवक-युवतियों को शासकीय नौकरी मिलने से अभिभावकों में खुशी का माहौल है। अभिभावकों ने कहा कि हमारे बच्चों को शासकीय नौकरी मिल जाने से हमारी बहुत बड़ी चिंता दूर हो गयी है। अब हमारे जीवन में खुशिया आएगी। इस कार्य के लिए हम मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को साधुवाद देते हैं। सहायक ग्रेड 03 पर चयनित होने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति अबूझमाड़िया के युवाओं में लालूराम उसेण्डी की पदस्थापना कार्यालय कलेक्टर, सुनील कुमार की कार्यालय तहसीलदार ओरछा, गुड्डूराम और जयलाल कोवाची की पदस्थापना कार्यालय कलेक्टर, जिला नारायणपुर में की गयी है। वहीं भृत्य के पद पर चयनित होने वाले विशेष पिछड़ी जाति अबूझमाड़िया युवाओं में सन्नूराम उसेण्डी की पदस्थापना कार्यालय कलेक्टर जिला नारायणपुर में और कृष्णा कुमार तथा शीला वड्डा की पदस्थापना शिक्षा विभाग में की गयी है।

कुम्हारी में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का सामुदायिक भवन लोकार्पित

## विकास के लिए समाज के लोगों में एकजुटता जरूरी : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष मौजूदगी में आज कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में 38 लाख की लागत से बने छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज को परिभाषित करते हुए कहा कि समाज व्यक्तियों का एक समूह नहीं बल्कि व्यक्तियों में जो पारस्परिक संबंध पाए जाते हैं, उन्हीं की एक व्यवस्था है। कुर्मी समाज के लोगों का मुख्य पेशा कृषि है, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी समाज के लोगों ने काफी नाम किया है। विकास के पथ पर चलने के लिए समाज के लोगों का एकता सूत्र में बंधे रहना आवश्यक है और कुर्मी समाज इसे भली भांति जानता है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि सभी समाज प्रगति की ओर अग्रसर हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी को समान अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।



समुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों के लिए शासन रियायती दरों पर भूमि का आवंटन कर रही है ताकि सभी समाज के लोग अपने समुदाय के हित के लिए आगे आएं और उसके उत्थान का कार्य करें। इन सामुदायिक भवनों में सामाजिक कार्यों के साथ-साथ समाज के लोगों को अन्य लाभ भी मिलेंगे। उन्होंने उपस्थित समाज के लोगों के साथ चर्चा भी की और उन्हें सामाजिक एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए बधाई भी दी। इस अवसर पर नगरी प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, ओएसडी श्री मनीष बंछोर, श्रीमती योगिता वर्मा, श्रीमती मीना वर्मा, श्रीमती भुनेश्वरी बघेल, श्रीमती नंदनी वर्मा धनेश पटेल,श्रीओम नारायण वर्मा, नारायण वर्मा, विजय वर्मा, श्री दयालु राम वर्मा, मनोज वर्मा एवं कुर्मी समाज के अन्य सदस्य व अधिकारीगण उपस्थित थे।

### खास खबर

## जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तृतीय चरण की हुई शुरूआत

**कोरबा।** कोरबा जिले में बच्चों में कुपोषण की दर को कम करने, शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तृतीय चरण की शुरूआत हो गयी हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर और महापौर राज किशोर प्रसाद ने ''प्रबल सुपोषित'' (प्रत्येक बच्चा लक्ष्य हमारा) अभियान का शुभारंभ बच्चों को गर्म भोजन खिलाकर किया। महापौर प्रसाद ने आंगनबाड़ी केन्द्र गेवराघाट 2 में बच्चो को तिलक लगाकर उनको गर्म भोजन परोसा। साथ ही बच्चो को अपने हाथो से भोजन खिलाया। इसी तरह से ग्राम धनरास में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने बच्चों को भोजन खिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सभी विकासखण्डों के परियोजनाओं में भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। कोरबा जिले में कुपोषण में कमी लाने के लिए 1 से 5 वर्ष के बच्चों को समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रो में प्रति दिन गर्म भोजन व सप्ताह में एक दिन अंडा व केले खिलाया जाएगा। जिले में वर्तमान स्थिति में कुपोषण दर 14.67 प्रतिशत है जिस को दृष्टिगत रखते हुए कोरबा जिले को सुपोषित कोरबा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर प्रबल अभियान का प्रारंभ किया गया है जिसके तहत अगामी मार्च 2023 तक 0 से 5 वर्ष आयु समूह के मध्यम और गंभीर कुपोषित के प्रबंधन हेतु परिवार आधारित रण नीति को अपना कर समाज की सहभागिता के साथ समुदाय स्तर पर प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं पोषण क्षमता का निर्माण कर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन कर सतत् प्रयास से इन बच्चों को सुपोषित किया जायेगा। इस योजना में 1 से 5 वर्ष तक के 12957 मध्यम कुपोषित व 1723 गंभीर कुपोषित बच्चों में कुपोषण में कमी जाने हेतु लक्ष्य रखा गया है।

महिला स्व-सहायता समूहों तथा सहकारी समितियों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर दिया जाएगा बोनस

## मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना की दूसरी वर्षगांठ पर हितग्राहियों के खाते में अंतरित की 7.48 करोड़ रूपए की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। गोबर खरीदी के एवज में अब तक पशुपालकों, ग्रामीणों को 153.44 करोड़ रूपए का भुगतानमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि 28 जुलाई को हरेली तिहार से गोधन न्याय योजना का विस्तार करते हुए गोबर के साथ-साथ गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत की जाएगी। गौ-मूत्र की खरीदी के लिए 4 रुपए प्रति लीटर की दर प्रस्तावित की गई है। खरीदे गए गौ-मूत्र का उपयोग जीवामृत कीटनाशकों और खाद के निर्माण के लिए किया जाएगा। इससे राज्य में जैविक खेती को और मजबूती मिलेगी तथा पशुपालकों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।



मुख्यमंत्री ने आज विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 'गोधन न्याय योजना' की दूसरी सालगिरह पर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 48वीं किश्त की राशि के रूप में 7 करोड़ 48 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए।


मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों तथा सहकारी समितियों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर बोनस दिया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। महिला समूहों को प्रति किलो वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर 01 रुपए तथा सहकारी समितियों को 10 पैसे का बोनस मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 07 जुलाई 2022 तक बिक चुके कम्पोस्ट के लिए महिला समूहों को बोनस के रूप में 17 करोड़ 64 लाख रुपए तथा सहकारी समितियों को 01 करोड़ 76 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा आज गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई राशि में एक जुलाई से 15 जुलाई तक राज्य के गौठानों में पशुपालकों, ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 2.69 करोड़ रूपए भुगतान, गौठान समितियों को 2.88 करोड़ और महिला समूहों को 1.91 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान शामिल है। गोबर खरीदी के एवज में आज किए गए भुगतान की राशि को मिलाकर अब तक 153.44 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह योजना के तहत अब तक गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 147.99 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, नगरीय विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय विनोद वर्मा और रूचिर गर्ग, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के दो वर्ष पूर्ण होने पर योजना के सभी हितग्राहियों और प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि 20 जुलाई 2020 को हरेली तिहार के दिन से हम लोगों ने छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी की शुरुआत की थी। तब से लेकर अब तक राज्य में लगातार गोबर की खरीदी और वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। केवल 02 वर्षों में इस योजना ने जो सफलताएं अर्जित की हैं, उसे पूरे देश में इस योजना को सराहा जा रहा है। देश के अनेक राज्यों ने हमारा अनुसरण करके अपने यहां भी इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं। हम गोबर खरीद कर न केवल वर्मी कंपोस्ट बना रहे हैं, बल्कि गोबर से बिजली उत्पादन करने, प्राकृतिक पेंट बनाने, तरह-तरह की सामग्री बनाने का काम भी हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना ने स्व सहायता समूहों की हमारी बहनों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का एक बड़ा अवसर दिया है। गोबर विक्रेताओं और गोठान समितियों ने भी इन दो वर्षों में अच्छी आय अर्जित की है। किसान भाईयों में पशुपालन को लेकर रुचि बढ़ी है। गौठानों में संचालित विभिन्न् आजीविका गतिविधियों से 13 हजार 969 स्व सहायता समूहों को अब तक 74 करोड़ 68 लाख रुपए की आय हो चुकी है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ही गौठानों में तेल मिल और दाल मिल जैसी प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जा रही है। राज्य के गौठानों 227 तेल मिलों और 251 दाल मिलों की स्थापना की जा रही है।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग के एक बार दर्शन से हो जाती है शिव भक्ति की प्राप्तिःराजेंद्र महाराज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पवित्र श्रावण मास में अग्रवाल महिला समिति द्वारा बांके बिहारी महिला समिति के सहयोग से न्यू खुर्सीपार भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में श्री शिव पुराण कथा महायज्ञ का भक्तिमय आयोजन जारी है। यहां व्यास पीठ पर विराजमान श्री धाम वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत राजेंद्र महाराज के मुखारविंद से शिव महापुराण सुनने बड़ी तादाद में रोजाना श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

कथा के छठवें दिवस बुधवार को राजेंद्र महाराज ने द्वादश ज्योतिर्लिंग पार्थिव निर्माण, रुद्राभिषेक की महिमा,सत रूद्र संहिता के अंतर्गत भगवान भूत भावन तथा माता भगवती पार्वती के पुत्र श्री गणेश का जन्म, कैलाश का पवित्र मंगल प्रदान करना, दिव्य मंगल बधाई गान उक्त क्रम से भोजपुरी के द्वारा, महाकाल के प्रमुख दर्शन, तारों की कथा, एकादश रूद्र अवतारों की कथा, हनुमान अवतार, महेश अवतार, अवधूत अवतार व राजेश्वर अवतार का वर्णन, द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वर्णन, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओमकारेश्वर, भीमाशंकर व काशी विश्वेश्वरा की उत्पत्ति पर सविस्तार प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातन प्राणी को भगवान के दिव्य धामों के दर्शन करना चाहिए। जिसमें कोई प्राणी अगर अपने जीवन में एक बार भी द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन करता है तो शिव भक्ति को प्राप्त करता है।

इस दौरान भक्तों को भगवान गणनायक श्री गणेश के दिव्य विवाह की कथा के साथ झांकी का भी दर्शन कराया गया। वहीं दिव्य सखियों के द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विवाह की झांकी को देखकर के समस्त श्रोता समुदाय शिव भक्ति में सराबोर हो गया। छठवें दिन के उत्सव के मुख्य जजमान उषा-संतु अग्रवाल न्यू खुर्सीपार ने बड़े ही उत्सव के साथ में पूजन किया। कथा के मुख्य यजमान संगीता-नेमीचंद्र अग्रवाल के साथ मंजू-प्रभुनाथ बैठा व आशा-कैलाश अग्रवाल पूजन के मुख्य यजमान रहे।

## डायरिया प्रभावित गांवों में कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग लगा रहा है कैम्प

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायगढ़।** बारिश के मौसम के चलते जिले के कुछ जगहों से डायरिया के केसेस बढने् की बातें सामने आयी थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर रानू साहू ने इन प्रभावित ग्रामों में हेल्थ कैम्प लगाकर मरीजों की जांच व उपचार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है।



इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बटाऊपाली-अ में 8 जुलाई से उल्टी दस्त की शिकायत प्राप्त होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 5 केस इलाज हेतु भर्ती होने के उपरांत ग्राम में सेक्टर प्रभारी चिकित्सा उनके काम्बेट टीम द्वारा घर-घर जाकर भ्रमण किया गया तथा क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। सर्वे के दौरान उल्टी दस्त के मरीजों को दवा के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है। 18 जुलाई 2022 को कुल 9 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती है तथा वर्तमान में 6 मरीज पीएचसी कोसीर में भर्ती है, जिनका इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि गांव में सर्वे के पश्चात प्रभावित परिवारों में ओआरएस के पैकेट, क्लोरीन टेबलेट, मेट्रोनलजोल टेबलेट वितरित किए गए है। ग्राम में भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर लगातार इलाज किया जा रहा है, ग्राम की स्थिति पूर्ण से नियंत्रण में है। साथ ही धुमाभाठा, सुलोनी, बोहारडीह, बेंगची में भी कैम्प लगाया गया है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए है, ताकि निरंतर सूचना एवं जानकारी मिल सके। जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में ओआरटी कार्नर स्थापित है तथा मौसमी बीमारियों से नियंत्रण पाने हेतु औषधियों का भंडारण कर लिया गया है। मौसमी बीमारियों से बचने हेतु जन जागरण की दृष्टि से जल जनित रोगों के प्रकोप से बचने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा के अंतर्गत लोगों को बासी भोजन, सड़े, गले फल उपयोग में न लाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्ची को मिला नया जीवन

## नियमों को शिथिल कर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से हुआ ऑपरेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बालिका गृह में रह रही विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की बिन माता-पिता की नौ साल की बच्ची सुनंदा (बदला हुआ नाम) की बीमारी का पता चलते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता एक बार फिर दिखाई दी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने रायपुर के शासकीय बालिका गृह में रह रही दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित नौ साल की बालिका सुनंदा के इलाज के लिए मुख्यमंत्री बघेल को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। इस पर मुख्यमंत्री बघेल ने तुरंत विशेष प्रकरण मानते हुए नियमों को शिथिल कर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 03 लाख 86 हजार रूपए स्वीकृत कर दिया। विगत 4 जून को एम्स रायपुर के कार्डियक सर्जन डॉ. नितिन कश्यप के निर्देशन में सुनंदा का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। सबके प्रयासों से सुनंदा को नया जीवन मिला है।



इलाज के बाद ठीक होकर मंगलवार को सुनंदा आभार प्रकट करने श्रीमती भेंड़िया के घर पहुंची। श्रीमती भेंड़िया ने सुनंदा को स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। श्रीमती भेंड़िया के पूछने पर उसने बड़े होकर शिक्षिका बनने की इच्छा जताई। इस पर श्रीमती भेंड़िया ने उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में ज्ञान बांटने की समझाईश दी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर ने बताया कि सुनंदा की जांच कराने पर डॉक्टरों ने उसे हृदय के वॉल्व संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना बताते हुए ऑपरेशन (डीवीआर विथ टीवी रिपेयर) की जरूरत बताई। सुनंदा के पास राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसे कोई दस्तावेज नहीं थे। उसकी उम्र के आधार पर छोटे बच्चों के लिए संचालित योजनाओं के दायरे में भी वह नहीं आ रही थी। ऑपरेशन और इलाज में खर्च भी अधिक होना था। इसे देखते हुए मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने मुख्यमंत्री बघेल से सुनंदा के इलाज के लिए निवेदन किया। आज सुनंदा स्वस्थ्य है और बालिका गृह में डॉक्टरों के निर्देशन में उसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

हॉस्टल अधीक्षिका रत्ना दुबे ने बताया कि सुनंदा अगस्त 2021 में गरियाबंद के बाल कल्याण समिति के माध्यम से रायपुर के बालिका गृह लायी गई थी। सुनंदा के माता-पिता नहीं हैं। सुनंदा जब बालिका गृह आई तब बहुत कमजोर थी और उसे सांस लेने में भी परेशानी होती थी। उसके दिल की धड़कन काफी तेज थी। डॉक्टर से जांच करवाने के बाद पता चला कि सुनंदा सीवियर एनीमिक है और उसे हृदय संबंधित परेशानी है। ऑपरेशन के बाद सुनंदा ठीक है और तेजी से रिकवर हो रही है।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 446.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 446.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 20 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1126.9 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 140.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 161.8 मिमी, सूरजपुर में 231.1 मिमी, जशपुर में 181.6 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, रायपुर में 311.2 मिमी, बलौदाबाजार में 413.4 मिमी, गरियाबंद में 527.9 मिमी, महासमुंद में 467.4 मिमी, धमतरी में 550.2 मिमी, बिलासपुर में 460.6 मिमी, मुंगेली में 500.0 मिमी, रायगढ़ में 383.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 516.6 मिमी, कोरबा में 332.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 451.4 मिमी, दुर्ग में 432.7 मिमी, कबीरधाम में 426.3 मिमी, राजनांदगांव में 512.9 मिमी, बालोद में 607.7 मिमी, बेमेतरा में 326.3 मिमी, बस्तर में 553.8 मिमी, कोण्डागांव में 541.2 मिमी, कांकेर में 640.6 मिमी, नारायणपुर में 466.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 537.8 मिमी और सुकमा में 438.0 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### प्रोक्सी या एवजी शिक्षकों के विरूद्ध तत्काल एक्शन के निर्देश

**रायपुर।** सुदूर अंचलों में स्थित शालाओं में निरीक्षण के दौरान प्रोक्सी मतलब अपने स्थान पर एवजी शिक्षकों के कार्यरत होने की जानकारी प्राप्त होने पर स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आगामी 10 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही प्रोक्सी अथवा एवजी शिक्षकों की जानकारी प्राप्त होने पर संकुल समन्वयकों के माध्यम से तत्काल इसकी शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी को करवाते हुए एक्शन लेने कहा गया है।

एवजी या प्रोक्सी शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए आगामी दस दिनों के भीतर सभी शालाओं में कार्यरत शासकीय शिक्षकों के फोटो और उनके नाम सहित विवरण बाहरी दीवार पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शासकीय शिक्षकों के दस्तावेजों का कार्यालय में वेरिफिकेशन करते हुए प्रमाणीकरण करने कहा गया है। शाला प्रबन्धन समिति के साथ सभी कार्यरत शासकीय शिक्षकों का परिचय सत्र आयोजित कर प्रत्येक शिक्षक द्वारा उनके समक्ष शाला गुणवत्ता सुधार हेतु लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्तुतीकरण करने भी कहा गया है।

जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी शालाओं में आगामी दस दिनों के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है, जिससे राज्य स्तर से निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में यह व्यवस्था लागू होने की सूचना मिल सके।

### वनवासी महिलाओं ने ऊंची उड़ान भर बनाई अंतर्राष्ट्रीय पहचान

# छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलेगा ग्रिट अवार्ड

## सिंगापुर में पुरस्कार ग्रहण करने रायपुर से दल रवाना

## मुख्यमंत्री बघेल और वन मंत्री अकबर ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ को संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। इसमें पुरस्कार ग्रहण करने आज 20 जुलाई को माना विमानतल रायपुर से दल रवाना हो चुका है।




सिंगापुर के लिए भरी यह उड़ान उनकी आकांक्षाओं और सपनों की ऊंची उड़ान है। बकावंड वन धन केन्द्र के सदस्य सुश्री पद्मिनी बघेल तथा सुश्री बेलाबाई कश्यप तथा डोंगानाला वनधन केन्द्र के सदस्य सुश्री सरोज पटेल तथा सुश्री फूलबाई नेती के विमान को एक बड़ी भीड़ ने जब हाथ हिला कर रवाना किया, तो पूरे छत्तीसगढ़ तथा विशेषकर कोरबा तथा बस्तर जिलों में हर्ष की लहर दौड़ गई। वन धन विकास के सदस्यों की यह उड़ान, ऐसी सैकड़ों महिलाओं और वनवासियों की आशाओं की उड़ान है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के वन धन विकास केन्द्रों में लघु वनोपज के प्रसंस्करण कार्य में लगी महिला सदस्यों के समर्पित कार्य प्रणाली का परिणाम है कि इस अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उनकी पहचान हुई है। छत्तीसगढ़ की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री बघेल और वन मंत्री अकबर ने राज्य लघु वनोपज संघ सहित वनधन केन्द्रों के समूहों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### सिंगापुर में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह होंगे पुरस्कृत

सिंगापुर में आगामी 22 और 23 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह पुरस्कृत होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत संभवतः यह पहला अवसर है, जब महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विदेश यात्रा पर जा रहे हैं।

खुशी से भरपूर छत्तीसगढ़ के ये वनवासी प्रतिनिधि 150 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के समक्ष यह पुरस्कार ग्रहण करते हुए, छत्तीसगढ़ मॉडल तथा सतत् विकास की कहानी भी सुनाएगी। इस समारोह में पूरी दुनिया के व्यवसायी, बैंकर्स, इनवेस्टर्स, पर्यावरणविद तथा शासकीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'छत्तीसगढ़-हर्बल्स' की पूरी दुनिया में पहचान सुनिश्चित करेगी। इससे लघु वनोपज आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। 'छत्तीसगढ़ मॉडल' को पूरे विश्व में सतत् विकास के मॉडल के रूप में पहचान मिलेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के इस दल का नेतृत्व राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला द्वारा किया जा रहा है तथा अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू एवं वनमंडल अधिकारी सुश्री स्टायलो मण्डावी सहयोग हेतु दल में सम्मिलित हैं। इस सात सदस्यीय दल का सिंगापुर एयरपोर्ट पर कार्पस्टेज सिंगापुर की डॉ. निशा कोहली द्वारा स्वागत किया जाएगा, जो इस आयोजन के प्रमुख है।

# राज्य में समर्थन मूल्य पर होगी अरहर, उड़द और मूंग की खरीदी

## कृषि विभाग ने उपार्जन की व्यवस्था के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य पर अरहर, उड़द और मूंग की खरीदी की जाएगी। इसका उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मार्कफेड के माध्यम से किया जाएगा। किसानों से अरहर और उड़द 6600 रूपए तथा मूंग की खरीदी 7755 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। उड़द एवं मूंग का उपार्जन 17 अक्टूबर 2022 से 16 दिसम्बर 2022 तक तथा अरहर का उपार्जन 13 मार्च 2023 से 12 मई 2023 तक की अवधि में किया जाएगा। गोदाम एवं भण्डारण की सुविधायुक्त 25 कृषि उपज मंडियों को अरहर, मूंग और उड़द की खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है।



कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय द्वारा राज्य में अरहर, उड़द एवं मूंग फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों सहित मार्कफेड एवं मंडी बोर्ड को जारी किया गया है। उपार्जन केन्द्र पर आवश्यक भौतिक संसाधनों, उपकरणों एवं मानव संसाधन की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जाएगी। यूनिफाईड फार्मर पोर्टल पर कृषक का पंजीयन कर उपलब्ध डाटा नाफेड को दिया जाएगा। नाफेड द्वारा उक्त डाटा ई-समृद्धि पोर्टल में उपार्जन हेतु इंटीग्रेड किया जाएगा एवं चयनित उपार्जन केन्द्रों से उक्त कृषकों की टैगिंग की जाएगी। उक्त डाटा के आधार पर ही किसानों से खरीदी कर भुगतान किया जाएगा। किसानों की भूमि, बोयी गई फसल का रकबा आदि का मैदानी सत्यापन एवं रेंडम सत्यापन किया जाएगा।

### किसानों को दी जाएगी प्रिंटेड रसीद

उपार्जन केन्द्रों में कृषकों की सामान्य जानकारी हेतु एफएक्यू उत्पाद का प्रदर्शन सुनिश्चित करने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि एफएक्यू मानक का अरहर, उड़द एवं मूंग का समर्थन मूल्य से कम पर उपार्जन केन्द्र में विक्रय न हो। एफएक्यू गुणवत्ता की खरीदी की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। रेंडम सैम्पलिंग हेतु नाफेड के साथ राज्य स्तरीय संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जो उपार्जन केन्द्र के खरीदी कार्य की तैयारी से लेकर संग्रहण तक का निरीक्षण करेंगे। किसान से क्रय की गई मात्रा की प्रिंटेड रसीद जिसमें देय राशि का उल्लेख हो, उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा हस्ताक्षर कर किसान को दी जाएगी।

### अनुमानित उत्पादन 1.76 लाख मेट्रिक टन

गौरतलब है कि खरीफ सीजन 2022 में राज्य में एक लाख 40 हजार हेक्टेयर में अरहर, 22 हजार हेक्टेयर में मूंग तथा एक लाख 75 हजार हेक्टेयर में उड़द की खेती का लक्ष्य है। कृषि विभाग द्वारा राज्य में 94,500 मेट्रिक टन अरहर, 12,100 मेट्रिक टन मूंग तथा 70,000 मेट्रिक टन उड़द का उत्पादन अनुमानित है।

### 25 मंडियों में होगी खरीदी

राज्य में भाटापारा, गरियाबंद, महासमुन्द, बसना, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, खैरागढ़ डोंगरगढ़, गंडई, कवर्धा, पण्डरिया, मुंगेली, लोरमी, सक्ती, रायगढ़, अंबिकापुर, सूरजपुर, रामानुजगंज, जशपुर, कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर, सम्बलपुर, पखांजूर कृषि मंडी में अरहर, मूंग और उड़द की खरीदी समर्थन मूल्य पर होगी।

# धरती एवं जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी- पी. दयानंद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण के लिए राज्य शासन की पहल पर चलाये जा रहे महावृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत् मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी. दयानंद द्वारा कार्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इस दौरान गौठान के बने हुए गोबर से तैयार गमले में लगे पौधों को गमले सहित रोपा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस मौके पर कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज भौतिक आनंद की प्राप्ति हेतु दुनियाभर में इंसान ने ऐसी वस्तुओं का इस्तेमाल करना प्रारंभ कर दिया, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होने आगे बताया कि इंसान और पर्यावरण की बीच अन्योनाश्रय संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नही। अतएव हम सभी को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना जरूरी है।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# 90's की एक्ट्रेसेस ने बढ़ाए ओटीटी की ओर कदमः सुष्मिता सेन से लेकर माधुरी दीक्षित तक को मिला वापसी का मौका

**डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने हाल ही में अनाउंस् किया है कि काजोल जल्द ही उनके साथ सीरीज में काम करने वाली हैं। काजोल ओटीटी के जरिए वेब सीरीज की दुनिया में डेब्यू करने जा रही हैं। ये पहली बार नहीं है कि किसी 90 की एक्ट्रेस ने वेब सीरीज में काम किया हो। 2020 में जहां 'आर्या' से सुष्मिता सेन ने अपने वेब करियर की शुरुआत की थी, वहीं माधुरी दीक्षित को नेटफ्लिक्स के 'द फेम गेम' में देखा गया था।**







### करिश्मा कपूर

17 साल की उम्र में अपना फिल्मी सफर शुरू करने वाली करिश्मा कपूर 90 के दशक की पहली एक्ट्रेस हैं जिन्होंने ऑल्ट बालाजी और 'जी5 के शो 'मेंटलहुड' से अपने वेब सीरीज करियर की शुरुआत की थी। यह सीरीज लोगों को खास पसंद नहीं आई जिस वजह से इसे आईएमडीबी पर 5.8 की रेटिंग मिली हुई है। जल्द ही करिश्मा एक और प्रोजेक्ट के साथ ओटीटी पर वापसी करने जा रही हैं।

### रवीना टंडन

'फूल और कांटे' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रवीना ने 2021 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'अरण्यक' में लीड रोल प्ले किया था। इस शो को आईएमडीबी पर 7.8 रेटिंग मिली हुई है। इस सीरीज को विनय वैकुल के निर्देशन में बनाया गया है।

### सुष्मिता सेन

मिस यूनिवर्स रह चुकीं सुष्मिता सेन ने साल 2020 में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'आर्या' से अपने वेब करियर की शुरुआत की थी। राम माधवानी के डायरेक्शन में बने इस शो में सुष्मिता मुख्य भूमिका में नजर आई थी। इस सीरीज के अब तक दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। शो के पहले पार्ट को जहां संदीप और अनु सिंह चौधरी ने लिखा था। वहीं दूसरे सीजन को संयुक्ता चावला और अनु सिंह चौधरी की जोड़ी ने लिखा था।

### माधुरी दीक्षित

दिल, तेजाब और साजन जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी माधुरी दीक्षित को हाल ही में नेटफ्लिक्स के 'द फेम गेम' नामक वेब सीरीज में देखा गया था। इस शो में माधुरी के अलावा संजय कपूर, गगन अरोड़ा, मुस्कान जैसे कई एक्टर्स ने काम किया किया है। इस शो को आईएमडीबी पर 6.9 की रेटिंग मिली हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो द फैमिली गेम का अगला सीजन 2023 में रिलीज हो सकता है।

### सोनाली बेंद्रे

सोनाली बेंद्रे ने जी5 के वेब शो 'द ब्रोकन न्यूज' से ओटीटी पर अपना पहला कदम रख दिया है। इस शो में एक्ट्रेस के अलावा जयदीप अहलावत, किरण कुमार जैसे कई एक्टर्स ने काम किया है। इस शो को आईएमडीबी पर 7.6 की रेटिंग मिली हुई है।

### जूही चावला

दीवाना मस्ताना, यस बॉस और डुप्लीकेट जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी जूही चावला जल्द ही अमेजन प्राइम के शो 'Hush Hush' में दिखाई देने वाली है। इस सीरीज में फीमेल एक्टर्स ही लीड रोल में नजर आने वाली हैं। इस शो के जरिए मेकर्स महिलाओं के संघर्ष को दिखाने जा रहे हैं। इस शो में जूही के अलावा सोहा अली खान, करिश्मा तन्ना, आएशा जुल्का, कृतिका कामरा और शहाना गोस्वामी नजर आने वाले हैं।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी जल्द ही रोहित शेट्टी के शो 'इंडियन पुलिस फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर यह सीरीज जल्द ही अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।

# 'द ग्रे मैन' के प्रीमियर में धनुष के भारतीय पहनावे ने लूटा सबका दिल, नामचीन सितारों ने की शिरकत

हॉलीवुड में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन करने वाले एंथनी और जो रूसो इस समय अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रे मैन' को लेकर सुर्खियों में हैं। निर्देशकों की इस जोड़ी ने मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स की 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर' से लेकर 'अवेंजसर्: एंड गेम' तक कई फिल्मों में धमाकेदार निर्देशन करके सबका दिल जीता है। हॉलीवुड फिल्म 'द ग्रे मैन' की चर्चा विदेशों के साथ ही भारत में भी जोरो पर है क्योंकि साउथ सुपरस्टार धनुष इस फिल्म से हॉलीवुड में अपना पहला कदम रख रहे हैं। इसी कारण दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले दिनों लॉस एंजिल्स में फिल्म का प्रीमियर होने के बाद रूसो ब्रदर्स ने 20 जुलाई को भारत में इसका धमाकेदार प्रीमियर किया, जिसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की।



### धनुष का अनोखा अंदाज

साउथ सुपरस्टार धनुष अपनी हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'द ग्रे मैन' की वजह से इस समय सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। 15 जुलाई को अमेरिका में रिलीज हुई इस फिल्म का कल भारत में भी प्रीमियर किया गया। रेयान गोसलिंग, क्रिस इवांस जैसे कलाकारों से सजी इस धमाकेदार एक्शन वाली फिल्म के प्रीमियर में धनुष के साथ निर्देशक एंथनी और जो रूसो भी मौजूद रहे। प्रीमियर के लिए धनुष ने सूट-बूट छोड़कर अपनी देश की संस्कृति को चुना। अभिनेता सितारों से सजी इस शाम में सफेद हाफ स्लीव शर्ट, लुंगी और सैंडल पहने नजर आए। इतना ही नहीं इवेंट में धनुष का बेहद ही शालीन बर्ताव देखने को मिला। उन्होंने वहां पहुंची फोटोग्राफर्स की टीम का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

### कौन-कौन रहा मौजूद

'द ग्रे मैन' की प्रीमियर नाइट में बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल, निर्देशक राज और डीके, रणदीप हुड्डा, सिद्धार्थ रॉय कपूर, विशाल भारद्वाज, आनंद एल राय, बाबिल खान, विहान समत, अदिति पोहनकर, अलाया एफ के साथ-साथ अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज मौजूद रही। फिल्म के लिए सभी का उत्साह देखने लायक था।

### क्या है फिल्म की कहानी

रूसो ब्रदर्स की यह फिल्म उपन्यासकार मार्क ग्रेनी के उपन्यास पर आधारित है। यह एक जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रेयान गोसलिंग, क्रिस इवांस, एना डी अरमास, रेगे-जीन पेज, जेसिका हेनविक, बिली बॉब थॉर्नटन और वैगनर मौरा भी हैं। इसकी कहानी एक फ्रीलांस हत्यारे और पूर्व सीआईए ऑपरेटिव कोर्ट जेंट्री (रेयान) के इर्द-गिर्द घूमती है और इस फिल्म में धनुष एक अविक सैन नाम के हत्यारे की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 22 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है।

# छोटे शहर से एक्टर बनने मुंबई पहुंचे थे आदित्य श्रीवास्तव, इस शो ने बदल दी जिंदगी



टीवी एक्टर आदित्य श्रीवास्तव को लोग उनके असली नाम से कम और सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत से नाम से ज्यादा जानते हैं। सोनी टीवी के शो 'सीआईडी' से वह काफी फेमस हुए। आदित्य हर साल 21 तारीख को अपना जन्मदिन मनाते हैं। इस साल वह 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। आदित्य का जन्म यूपी के प्रयागराज में साल 1968 में हुआ था। उनके पिता बैंक में काम करते थे। शुरुआती शिक्षा घर हासिल करने के बाद आदित्य ने आगे की पढ़ाई सुल्तानपुर और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से की। पढ़ाई के दौरान उन्हें संगीत समिति में नाटक करने के मौका मिल गया। इसके बाद उन्होंने इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाने की ठान ली और एक्टर का सपना लिए मुंबई पहुंच गए।

### वीओ आर्टिस्ट भी रह चुके हैं आदित्य

मुंबई पहुंचने के बाद आदित्य एक्टिंग के अलावा कई और काम भी कर चुके हैं। उन्होंने कई टीवी विज्ञापनों में अपनी आवाज दी है। मुंबई पहुंचने के बाद उन्हें सबसे बड़ा ब्रेक दिग्गज फिल्म डायरेक्टर शेखर कपूर ने अपनी फिल्म में दिया था। इस फिल्म का नाम 'बैंडिट क्वीन' था। फिल्म में आदित्य ने पुट्टीलाल का किरदार निभाया था।

### इस टीवी शो से जीता दर्शकों का दिल

आदित्य को असली पहचान टीवी से मिली। सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो 'सीआईडी' में उनके अभिजीत के किरदार को लोगों ने काफी सराहा। इस किरदार की वजह से वह घर-घर में फेमस हो गए। आज भी ज्यादातर लोग उन्हें इसी किरदार के नाम से जानते हैं। सीआईडी के अलावा वह ब्योमकेश बख्शी, रिश्ते, नया दौर, ये शादी नहीं हो सकती, आहट जैसे टीवी शो में भी काम कर चुके हैं।

### कई फिल्मों में आ चुके हैं नजर

आदित्य को उनके उम्दा अभिनय के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि उन्हें कई बड़े निर्देशन अपनी फिल्म में कास्ट कर चुके हैं। वह सत्या, गुलाल, पांच, ब्लैक, कालू और दिल से पूछ किधर जाना है जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा लोगों को दिखा चुके हैं।

# विजय देवरकोंडा की लाइगर का ट्रेलर रिलीज अभिनेता के दमदार एक्शन ने मचाई तबाही




विजय देवरकोंडा-स्टारर 'लाइगर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अभिनेता का दमदार एक्शन अवतार दिखाई दिया है। फिल्म के ट्रेलर का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म में विजय का धांसू अंदाज दिखाई दे रहा है। फिल्म के ट्रेलर को सबसे पहले हैदराबाद में रिलीज किया गया है। इस दौरान वहां काफी बड़े स्तर पर इवेंट का आयोजन किया गया। धर्मा प्रोडक्शन के तहत बनी इस फिल्म में विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आए हैं।


ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत लाइगर की खूबियों के बखान से होती है। जिसमें लाइगर की मां कहती है- 'एक लायन और टाइगर की औलाद है ये...क्रॉस ब्रीड है मेरा बेटा..' इसके बाद विजय देवकोंडा का एक्शन अवतार नजर आता है और आवाज आती है- 'न मैं लायन न मैं टाइगर...दोनों का मिक्स मैं हूं लाइगर'। विजय के साथ इस ट्रेलर में अनन्या पांडे का भी एकदम अलग अवतार नजर आ रहा है। इस फिल्म में वह रोमांस के अलावा कुछ जगहों पर एक्शन करती भी नजर आने वाली हैं।

इस फिल्म को साउथ के बड़े डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया है। बता दें कि इस फिल्म के जरिए विजय बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं और वहीं अनन्या तेलुगू सिनेमा की तरफ कदम बढ़ा रही हैं। ट्रेलर से पहले विजय देवकोंडा के कई सारे लुक्स सामने आ चुके हैं। तब से दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। और अब जब ट्रेलर को हैदराबाद से सुदर्शन थियेटर में रिलीज कर दिया गया है, उसके बाद से फैंस में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

ये फिल्म हिंदी के अलावा अन्य चार भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी। फिल्म में अमेरिकी बॉक्सर माइक टाइसन का भी कैमियो रोल है। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी माइक टाइसन की कुछ तस्वीरें सामने आई थी, जिसमें वह फिल्म के सेट पर मस्ती करते नजर आए थे। बता दें कि फिल्म में राम्या कृष्णन भी नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2021 में शुरू हुई थी। लाइगर 25 अगस्त 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# रिलीज हुआ 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के प्रीक्वल का ट्रेलर, सामने आएगी 200 साल पुरानी कहानी

'गेम ऑफ थ्रोन्स' के प्रीक्वल 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीरीज का पहला आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो गया है। एचबीओ की इस ओरिजनल सीरीज में किंग विसरीज के शासन के तहत हाउस टारगेरियन के इतिहास को दर्शाया गया है। बता दें कि यह कहानी गेम ऑफ थ्रोन्स की घटनाओं से 200 साल पहले सेट की गई है।



### कैसे होती है ट्रेलर की शुरुआत?

ट्रेलर की शुरुआत किंग विसरीज टारगेरियन के साथ होती है, जो आयरन थ्रोन पर अपनी पसंद के उत्तराधिकारी को देखने के अपने सपने के बारे में बात करते हैं। उनकी पहली बेटी रैनेरा पहली दावेदार हैं, लेकिन कोई भी रानी कभी आयरन थ्रोन पर नहीं बैठी है। वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो विसरीज़ के भाई डेमन टारगेरियन को उत्तराधिकारी के रूप में देखना चाहते हैं। इन सबके बीच राजा की नई पत्नी मां बनने की इच्छा जताती है। यानी आयरन थ्रोन का एक और उत्तराधिकारी का जन्म होने वाला है। वहीं इन सभी परेशानियों से निपटने के लिए विसरीज़ इस बात की घोषणा करते हैं कि उन्होंने अपने नए वारिस का नाम तय कर लिया है। इससे पहले की वारिस के नाम की घोषणा हो डेमन कहते हैं, मैं तुम्हारा वारिस हूं।

### सिविल वॉर के संकेत

विसरीज की चचेरी बहन रेनीस टारगेरियन, ट्रेलर में यह कहते हुए दिखाई देती हैं कि रैनेरा के उत्तराधिकार को चुनौती दी जाएगी, चाकू निकलेंगे। वह बाद में दूसरों से कहती है, एक महिला को आयरन थ्रोन विरासत में नहीं मिलेगा क्योंकि यही नियम है। रैनेरा कहती है, जब मैं रानी बन जाऊंगी, तो मैं एक नया आदेश जारी करूंगी। इस सब के बीच, सिविल वॉर के संकेत मिलने लगते हैं।

### कब रिलीज होगी सीरीज?

'हाउस ऑफ द ड्रैगन', आरआर मार्टिन के 2018 के उपन्यास 'फायर एंड ब्लड' पर आधारित है। 21 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इसके पहले सीजन के 10 एपिसोड रिलीज होंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI" XII" B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O.
&
CLERK,
MBA,
RLY.,
SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## मुख्यमंत्री ने कुम्हारी के नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुम्हारी में साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से बने स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस नवनिर्मित स्टेडियम में आयोजित पहला मैच कुम्हारी के नागरिकों की स्मृति में हमेशा के लिए दर्ज हो गया। क्रिकेट मैच में बैट्समैन थे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और बॉल थी नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया के हाथों में। नगरीय प्रशासन मंत्री ने जो पहली बाल डाली, उसे अंपायर ने वाइट करार दिया।**



मंत्री की दूसरी बाल पर मुख्यमंत्री ने चौंका जड़ दिया और पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज गया। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के खेल को बढ़िया अधोसंरचना से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और कुम्हारी में खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 42 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया इन कार्यों में 10 करोड़ रुपये के लोकार्पण कार्य तथा 31 करोड़ के भूमि पूजन कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कुम्हारी के नागरिकों के प्रस्ताव पर स्टेडियम का नाम स्वर्गीय मिनी माता के नाम पर रखने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि कुम्हारी नगर पालिका में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं आज यहां भव्य स्टेडियम और नगर पालिका भवन का लोकार्पण किया गया है। दोनों ही निर्माण कार्य बहुत बढ़िया तरीके से किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुम्हारी में नागरिक अधोसंरचना की दृष्टि से तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। 100 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य बीते 3 सालों में हुए हैं और कुछ पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे तालाब सौंदर्यीकरण का विषय हो, स्वामी आत्मानंद स्कूल हो या उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज का निर्माण हो। कुम्हारी के सर्वांगीण विकास की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कुम्हारी नगर पालिका में तेजी से निर्माण कार्य हो रहे हैं और नागरिक सुविधाओं का विकास हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान संभागायुक्त महादेव कांवड़े, आईजी बद्री नारायण मीणा, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डॉ अभिषेक पल्लव उपस्थित थे।

### खास खबर

#### पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केव्हायसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजनांतर्गत योजना के समस्त लाभार्थी जो पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे है, उन सभी को ई-केव्हायसी सत्यापन कार्य किया जाना है। ई-केव्हायसी सत्यापन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उक्त तिथि तक ई-केव्हायसी की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले किसानों को अगली किस्त का पैसा नहीं मिलेगा। कृषि विभाग जिला रायपुर के उप संचालक ने बताया कि किसान दो तरीके से पीएम किसान योजना के लिए ई-केव्हायसी कार्य कर सकते है। पहला किसान अपने नजदीकी कामन सर्विस सेंटर पर जा कर अपना ई-केव्हायरी करवा सकते है। दूसरा ई-केव्हायसी प्रक्रिया घर बैठे ऑनलाईन पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से पूरी की जा सकती है। इसके लिए किसान के आधार कार्ड में उनका मोबाईल नंबर लिंक होना चाहिए। लिंक होने के बाद लैपटॉप अथवा मोबाईल से ओटीपी के जरिए ई-केव्हायसी घर बैठे पूरी कर सकते है। सत्यापन कार्य होने के पश्चात ही योजना के किस्त की राशि कृषकों को प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि रायपुर जिले में वर्तमान में 30747 कृषक द्वारा ई-केव्हायसी कार्य नहीं कराया गया है। ऐसे कृषक भाइयों से अनुरोध है कि 31 जुलाई 2022 के पूर्व योजना के लाभ से वंचित होने से बचने के लिए अपना ई-केव्हायसी कार्य पूर्ण करा लेवें।

#### आरडीए को जीएसटी के लिए मिला केन्द्र सरकार का प्रशस्ति पत्र

**रायपुर।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने वर्ष 2021-22 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान समय पर जीएसटी रिटर्न जमा करने और माल और सेवा कर के भुगतान के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण को ई-प्रशंसा पत्र दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष विवेक जौहरी ने जारी प्रशंसा पत्र में प्राधिकरण की सराहना करते हुए कहा है कि इससे राष्ट्र निर्माण को महत्वपूर्ण योगदान मिला है। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड से जीएसटी के 5वें साल में मिले प्रशंसा पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, उपाध्यक्षव्दय सूर्यमणी मिश्रा व शिव सिंह ठाकुर, संचालक मंडल के सदस्य राजेन्द्र पप्पू बंजारे, और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

#### छत्तीसगढ़ राज्य की लोकसंस्कृति, लोकनृत्य, बस्तर आर्ट एवं ग्रामीण परिवेश का बेहद खूबसूरती से किया गया समावेश

## बस्तर की संस्कृति और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवेश की थीम पर आधारित है मुख्यमंत्री का विधानसभा कार्यालय कक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया गया है सौंदर्यीकरण कार्यमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में अपने कार्यालय कक्ष के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष को पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की ग्रामीण सभ्यता एवं बस्तर की संस्कृति की थीम पर तैयार किया गया है। कार्यालय कक्ष का प्रवेश द्वार गांव के किसी घर के प्रवेश द्वार का अहसास दिलाता है। कार्यालय कक्ष के प्रवेश पर बस्तर के परंपरागत आदिवासी नृत्यों को उकेरा गया है जिससे बस्तर की संस्कृति का सजीव अहसास होता है। बस्तर आर्ट के साथ ही छत्तीसगढ़ के वनोपज पर आधारित कलाकृतियां भी उकेरी गयी हैं।**

#### लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया गया है सौंदर्यीकरण कार्य

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार, विधायक मोहन मरकाम, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी उपस्थित थे।



कक्ष के सौंदर्यीकरण कार्य में छत्तीसगढ़ राज्य की लोकसंस्कृति, लोकनृत्य, बस्तर आर्ट एवं ग्रामीण परिवेश का बेहद खूबसूरती से समावेश किया कक्ष के सौंदर्यीकरण कार्य में छत्तीसगढ़ राज्य की लोकसंस्कृति, लोकनृत्य, बस्तर आर्ट एवं ग्रामीण परिवेश का बेहद खूबसूरती से समावेश किया गया है । मुख्यमंत्री के कक्ष में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो लगायी गयी है जो राज्य के प्रति प्रेम एवं श्रद्धा को दर्शाता है । सभा कक्ष में दीवार पर राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार..' भी उकेरा गया है। कक्ष की दीवार पर गौर सींग, बस्तर की विश्व प्रसिद्ध बेल मेटल की आदिवासी लोकनृत्य करते हुये कलाकृतियां लगी हैं जिसमें हमारे राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति दिखती है । छत्तीसगढ़ राज्य वनों से आच्छादित एवं जैवङ्गविविधता से परिपूर्ण है । इसलिये कक्ष के सौंदर्यीकरण में लगायी गयी तस्वीरों में वृक्षों, पशु-पक्षियों को प्रमुखता से दिखाया गया है ।

कक्ष की दीवारों पर गाय-बैलों की जोड़ी की तस्वीर भी लगायी गयी है क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य में गाय आस्था का प्रतीक तो है ही साथ ही यहां

कक्ष की दीवारों पर गाय-बैलों की जोड़ी की तस्वीर भी लगायी गयी है क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य में गाय आस्था का प्रतीक तो है ही साथ ही यहां के किसानों द्वारा की जाने वाली खेती में बैलों का अलग ही महत्व है । गोवर्धन पूजा के दिन किसान गाय- बैलों को सजाकर पूजा भी करते हैं। कक्ष के दरवाजों को पारंपरिक ग्रामीण परिवेश की तरह बनाया गया है । विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष के सौंदर्यीकरण में मुख्यमंत्री कक्ष के अतिरिक्त एक मीटिंग रूम, दो कॉमन पैसेज भी सुसज्जित किये गये हैं ।

कार्यालय कक्ष के भीतर जलने वाले लाइट को लैंप के भीतर लगाया गया है। बस्तर के प्रसिद् गौर नृत्य में इस्तेमाल किए जाने वाले गौर मुकुट को लैंप की तरह इस्तेमाल किया गया है और इसके भीतर बल्ब लगाया गया है जो बस्तर में उपस्थित होने का अहसास दिलाता है। मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष में बेल मेटल की कलाकृतियों की तस्वीरें लगायी गयी हैं।

इसके अलावा सूर्य के आकार में दो कलाकृतियां लगायी गयी हैं जिसमें किरणों के स्थान पर नृत्य करते हुए ग्रामीणों को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे छत्तीसगढ़ शासन का लोगो लगाया गया है। मुख्यमंत्री के विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष को पूरी तरह से ग्रामीण परिवेश में ढालने की कोशिश की गयी है ताकि यहां पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक मिलती रहे। मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष के सौंदर्यीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है।

## मोदी सरकार की नीतियों के कारण महंगाई बेलगाम-कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीतियों के कारण महंगाई बेलगाम हो गयी है। मोदी सरकार आम आदमी पर टैक्स का बोझ लगातार बढ़ाते जा रही है। जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी लगाने से महंगाई बढ़ेगी यह जनता के साथ क्रूर मजाक है। अब तो 25 किलो के नीचे खाद्य सामाग्री खरीदने पर 5 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ेगा। रोजी मजदूरी करने वाले दिहाड़ी मजदूर रिक्शा चालक ठेला चालक सुबह शाम राशन खरीद कर अपने एवं परिवार का पेट भरते है। गरीब एकमुश्त 25 किलो से ऊपर चावल, दाल, बेसन दही मिर्च मसाला की खरीदी कैसे खरीदेंगे? और बाजार में 100 ग्राम से लेकर 5 किलो तक के मिर्च मसाला आटा चावल बेसन दही और अन्य खाद्य सामग्री के पैकेट ही मिलते हैं जिस पर मोदी सरकार ने 5 परसेंट जीएसटी लगाया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एक ओर खुदरा महंगाई में लगातार बढ़ोतरी के कारण आम आदमी अपनी रोजमर्रा के जरूरत की चीजों से दूर होते जा रहा है वही अब थोक महंगाई दर में 14.55 प्रतिशत का उछाल यह बताता है कि आम आदमी को अब खाने और पहनने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। हर जगह महंगाई से हाहाकार मचा हुआ है,मगर देश की गूंगी-बहरी सरकार को कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। केवल आम जनता से लूटना और अपने उद्योगपति मित्रों की जेब भरना मोदी सरकार का मुख्य धंधा बना हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी निर्मित महंगाई देश के आम आदमी पर चौतरफा अत्याचार कर रही है। ईंधन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले आठ सालों में केंद्र सरकार ने बार-बार पेट्रोल और डीजल पर करों में वृद्धि कर जनता से 26 लाख करोड़ रुपये वसूल लिए हैं। इसके बावजूद मोदी सरकार के वसूली का सिलसिला थम नहीं रहा है। मोदी सरकार के चालचलन से साफ समझ आता है कि देश की पूंजीवादी सरकार चंद औद्योगिक घरानों की चाकरी और चौकीदारी कर रही है।

देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी ने उत्पात मचा रखा है, मगर जनता की चुनी केंद्र सरकार उद्योगपतियों को राहत देने में लगी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में हर रोज गरीबों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, देश के आजाद होने के बाद नई योजनायें बनाया। सिंचाई सुविधायें बढ़ाकर नये कल कारखाने लगाकर शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधायें बढ़ाकर कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने भारत को मजबूत राष्ट्र के रूप में खड़ा किया।

## यात्री प्रतीक्षालय की साफ -सफाई का आयुक्त ने लिया जायजा

श्रीकंचपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था और नागरिको को मूलभूत सुविधा में बेहतरी की संभावनाओं को लेकर पूर्व में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण किया गया था। भ्रमण के दौरान दिए गए आदेश का पालन करवाने हेतु निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अलसुबह स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अमला के साथ रायपुर नाका क्षेत्र ,हिंदी भवन के सामने,पटेल चौक,नल घर शॉपिंग कम्प्लेक्स के सामने जिला न्यायालय स्थित यात्री प्रतिक्षालय का निरीक्षण किया उन्होंने सफाई व्यवस्था नियमित रखने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा कि यात्री प्रतिक्षालय में सैकड़ो यात्री कुछ समय के लिए यहां ठहरते हैं और अपने यात्रा की ओर निकल जाते हैं प्रतिदिन प्रतीक्षालय की साफसफाई करें।



उन्होंने दीपक नगर आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल के आस पास की व्यापक सफाई तथा स्कूल परिसर में डस्टबिन रखना और नियमित रूप से कचरा उठवाने को कहा गया।आयुक्त ने कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केंद्र के पास साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, उन्होंने इस दौरान पब्लिक फील्डबेक भी लिया तथा रोड स्वीपिंग का कार्य आदि मौजूद रहे।

उन्होंने बरसात के कारण नाले के भराव का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर ग्रीन चौक ओवरब्रिज के सामने अवैध रूप से सड़क पर कबाड़ को फैलाकर रखा गया था ,कबाड़ सामान को हटवाया गया वही गैरेज दुकान को भी हटवाया गया साथ ही ग्रीन चौक स्थित आईएमए चौक स्थित मारुति ट्रेंड्स व लक्ष्मी ट्रेडर्स से 1000-1000 रुपये दुकान के बाहर भवन सामग्री रखने और साहू किराना स्टोर्स कबाड़ी से 1000 रुपये,अमूल कबाड़ी से 1000 रुपये,मनोज गूगल से 500 रुपये, 5 दुकानों पर कार्यवाही कर कुल 4500 सौ रुपये का जुर्माना लेकर सख्त चेतावनी दी गई।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजेन्द्र सराठे,सफाई दरोगा सुरेश भारती, राजू सिंह,परमेश्वर सहित अन्य मौजूद थे।

## काजू प्रसंस्करण यूनिट के सदस्य ग्रिट अवॉर्ड लेने के लिए सिंगापुर हुए रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य, एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य सु पद्मनी बघेल तथा सु बेलाबाई कश्यप तथा डोंगानाला वनधन केन्द्र की सदस्य सु सरोज पटेल तथा सु फूलबाई नेती विदेश यात्रा पर सिंगापुर रवाना हुए। इन वनवासी प्रतिनिधियों के द्वारा 150 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के समक्ष यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

इस समारोह में पूरी दुनिया के व्यवसायी, बैंकर्स, इनवेस्टर्स, पर्यावरणविद तथा शासकीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति 'छत्तीसगढ़-हर्बल्स' की पुरी दुनिया में पहचान सुनिश्चित करेगी। इससे लघु वनोपज आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। 'छत्तीसगढ़ मॉडल' को पूरे विश्व में 'सतत् विकास' के मॉडल के रूप में पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के इस दल का नेतृत्व प्रबंध संचालक संजय शुक्ला, द्वारा किया जाएगा तथा अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू, एवं वनमंडलाधिकारी सु स्टायलो मण्डावी सहयोग हेतु दल में सम्मिलित होंगें। इस सात सदस्यीय दल का सिंगापुर एयरपोर्ट पर कार्पस्टेज सिंगापुर की डॉ. निशा कोहली द्वारा स्वागत किया जाएगा, जो इस आयोजन की प्रमुख हैं।
























## खास-खबर

### 13 साल की मासूम से बिलासपुर कलेक्टोरेट के कर्मचारी ने किया दुष्कर्म

**बिलासपुर ( ए )।** सिविल लाइन क्षेत्र में 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि कलेक्टोरेट में कंप्यूटर आपरेटर का काम करने वाले युवक ने जान-पहचान का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह धमकियां देकर अपने साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर आरोपित अपने ठिकाने से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय बालिका स्कूल की छात्रा है। कुछ दिन पहले उसकी पहचान लोरमी निवासी अनिरुद्ध राजपूत(26) से हुई। युवक कलेक्टोरेट में कंप्यूटर आपरेट का काम करता है। जान पहचान का फायदा उठाकर युवक ने नाबालिग को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने घटना की जानकारी किसी को नहीं देने धमकी दी। युवक ने नाबालिग के इंस्टाग्राम एकाउंट में भी कई अश्लील मैसेज भेजे। इसकी जानकारी स्वजन को हो गई। स्वजन ने पूछताछ की तो नाबालिग ने सच्चाई बताई। इसके बाद स्वजन के साथ थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। इस पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर आरोपित युवक अपने ठिकाने से फरार हो गया है।

### व्यापारी के बाद गुपचुप वाले से मांगी पांच हजार की रंगदारी, मना करने पर पीटा

**रायपुर ( ए )।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में एक गुपचुप वाले से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने पांच हजार रुपये शराब पीने के लिए मांगे, नहीं देने पर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपित असफाक, बाबू और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बात दें कि पिछले दिनों रविभवन में मोबाइल दुकान संचालक से पांच सौ रुपये शराब पीने के लिए मांगे गए थे। संचालक ने पैसे देने से मना किया था तो हिस्ट्रीशीटर ने करोबारी से मारपीट की थी। मामले का आरोपित फारुख अब भी फरार है।

मौदहापारा थाने में राजू साहू ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी शहीद स्मारक के सामने चाट-गुपचुप का ठेला लगाता है। 17 जुलाई की रात को लगभग साढ़े 10 बजे असफाक, बाबू नामक व्यक्ति और उसके अन्य दो साथी पहुंचे। वे शराब पीने के लिए पांच हजार रुपये की मांग करने लगे। पैसा देने से मना करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। आरोपितों ने अपने पास रखे लोहे की राड से प्रार्थी की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षक के निर्माणाधीन मकान से मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** तोरवा पुलिस ने चोरी के मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि उसने सफेद खदान में रहने वाले शिक्षक के निर्माणाधीन मकान से मोबाइल चोरी की थी। आरोपित के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल जब्त कर कार्रवाई की गई है। तोरवा पुलिस को मंगलवार की शाम सूचना मिली कि एक युवक देवरीडीह में चोरी का मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस पर जवानों ने मौके पर दबिश देकर अनिश मसीह(30) निवासी देवरीडीह को पकड़ लिया। पूछताछ में वह गोलमोल जवाब दे रहा था। इस पर जवान उसे थाने ले गए। थाने में कड़ाई करने पर उसने शिक्षक राधेश्याम गोस्वामी के निर्माणाधीन मकान से मोबाइल चोरी की जानकारी दी। पूछताछ के बाद आरोपित के कब्जे से चोरी का मोबाइल जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# आरक्षक ने पत्नि को भरण पोषण के लिये 8 हजार रूपये तथा अन्य प्रकरण में 12 हजार प्रतिमाह देना स्वीकार किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज शास्त्री चैक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की।



एक प्रकरण में अनावेदक जो जिला निर्वाचन कार्यालय जगदलपुर में कार्यरत है। पत्नि द्वारा घरेलू खर्च चलाने के लिये पति के वेतन से राशि की मांग की गयी। पति ने बताया कि लोन की किस्ती कटने के बाद 20 हजार रूपये बचता है। जिसमें से 12 हजार रूपये अपने बेटी और पत्नी को प्रतिमाह पत्नी के बैंक अकाउंट में नियमित रूप से जमा करने की सहमति दी। आयोग की अध्यक्ष ने अनावेदक को आगामी सुनवाई में तीन साल का बैंक स्टेटमेंट, बीमा के कागजात और सर्विस बुक में आवेदिकागणों के नाम के उल्लेख का पृष्ट लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। जिससे इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच हस्तलिखित शर्तों के अधीन समझौता हुआ है। जिसके आधार पर दोनों फिर से एक साथ रहने के लिए तैयार है। इस प्रकरण में लगातार 6 माह तक आयोग के सदस्य द्वारा निगरानी किया जायेगा। दोनों पक्षों को समझाईस दिया तथा सटाम्प पेपर में शपथ देकर कांउसलर के माध्यम से आयोग में जमा कराएं ताकि प्रकरण का निराकरण हो सके।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका जो पीएचडी की छात्रा है उसे विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी के अंतिम समय में अंतिम में रोक लगा दी गयी है। इस संबंध में आवेदिका के पास पर्याप्त आधार है कि वह अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा रोक नही लगायी जा सकती। आयोग द्वारा आवेदिका को समझाईस दिया गया कि अपना सम्पूर्ण कथन शपथ पत्र में बनाकर आयोग में प्रस्तुत करें। इस आवेदन की प्रति तीनों अनावेदकगणों को व्यक्तिगत रूप से जाकर देने की सूचना से आयोग को अवगत कराएं। जिससे अनावेदकगणों का शपथपूर्वक जवाब आयोग में मंगाया जा सके। आवेदिका के द्वारा व्यक्तिगत जानकारी दिये जाने के बाद इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में अनावेदक थाना कबीरनगर थाना में आरक्षक पद पर पदस्थ है। आवेदिका ने बताया कि अनावेदक द्वारा शराब पीने के साथ साथ अन्य लड़कीयों से नाजायज बनाने संबंधी काम करता है। आरक्षक द्वारा आए दिन आवेदिका से मारपीट कर घर से निकाल देता है। आवेदिका इसके चलते अपनी 9 साल की बेटी को लेकर अपने मायके में रहती है। अनावेदक द्वारा आवेदिका को 8 हजार रूपये प्रतिमाह भरण-पोषण की दिये जाने के लिए स्वीकार किया है। प्रतिमाह आवेदिका के बैंक अकाउंट में नियमित रूप से जमा करेगा। अगर अनावेदक राशि देने में इंकार करता है तो आवेदिका द्वारा आयोग में लगाये गये आवेदन के आधार पर डीजीपी को आयोग की ओर से पत्र भेजा जायेगा। इस प्रकरण को नस्तीबध्द किया गया।

### सेना में सिपाही द्वारा पत्नि से मारपीट प्रकरण का सिपाही के आने पर होगा निराकरण

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति आर्मी में सिपाही है। पति छुट्टी में आता है और मारपीट करता है। आवेदिका को घर से बाहर निकालने की धमकी देता है। अनावेदक पति अनुपस्थित है, अनावेदक ससुर ने बताया कि वह बहु को रखना चाहता है। इस स्तर पर अनावेदक पति की सुनवाई में उपस्थित जरूरी है। आयोग ने आवेदिका को समझाईस दिया कि जब पति छुट्टी में आयेगा तब आयोग को सूचित करें। जिससे की अनावेदक पति की उपस्थिति में ही इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा। आज जनसुनवाई में 30 प्रकरण रखे गए थे जिसमें 6 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है।

### सौतेले पिता द्वारा बेटियों के जमीन हड़पने की गलत नियत को रोकने आयोग की टीम करेगी मुआयना

एक प्रकरण की सुनवाई में आवेदिका तीन बहने है। उनके पिता के मृत्यु के बाद उनकी माता ने बच्चों के चाचा के साथ विवाह किया है। सौतेला पिता अब अपनी बेटियों की जमीन हड़पने की नियत से उनको परेशान कर रहा है। आवेदिकागणों ने बताया कि उनके साढ़े तीन एकड़ भूमि को गांव के लोगो को रेगहा नही लेने हेतु डरा-धमका रहा है। इससे आवेदिका की एक साल की आमदनी नही होने से उसके जीवन यापन पर असर पड़ेगा। इस पर अनावेदक का कहना है कि मैंने खेत को बोने के लिए कोई रोक टोक नही किया है। इस स्तर पर आयोग के अध्यक्ष डॉ नायक ने कर प्रशिक्षु वकील एवं आयोग की कांउसलर के साथ कल ग्राम पंचायत जौन्दा में आवेदिकागणों के साथ जाकर स्थल का जायजा लेगे। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में कोतवाल द्वारा मुनादी कर समस्त ग्रामवासी को आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आवेदिका ने यह भी बताया कि गांव के कोतवाल हमारे जमीन के कागजात लाने के लिए धमकाता है। ग्रामवासी के समक्ष अनावेदक घोषणा करेंगे कि उनके द्वारा किसी भी रेगहा लेने वाले पर कोई रोक नही लगाई गयी है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया की रिपोर्ट काउंसलर के द्वारा तैयार किया जायेगा। जिसमें ग्रामसभा में उपस्थित गवाह लोगों का हस्ताक्षर लिया जायेगा और विडियो प्रशिक्षु वकीलगण के द्वारा तैयार किया जायेगा। इस सम्पूर्ण आर्डर शीट की विडियो और रिपोर्ट तैयार किया जायेगा। जिससे इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा।

# सनकी पति निकला हत्याराः गला दबाकर पत्नी को मारा, सिर काट श्मशान की जलती चिता में फेंका, हाथ-पैर भी काट दिया

**राजनांदगांव ( ए )।** गुंडरदेही के खेखरी बांध में मिली पदमनी साहू (32 वर्ष) की सिर कटी लाश का मामला सुलझ गया है। पदमनी की हत्या उसके पति जगदीश साहू (36 वर्ष) ने ही की थी। हत्या के बाद वीभत्स ढंग से शव के टुकड़ों को ठिकाने लगाया। हत्या की वजह पारिवारिक विवाद बताई गई है। सनकी पति की खेखरी बांध में महिला की सिर कटी लाश सोमवार सुबह देखी गई थी। धड़ से हाथ और पैर भी अलग थे। चौकी पुलिस जांच में जुटी थी, तभी गांव के जगदीश साहू ने थाने पहुंचकर अपने पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत की।

पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अपने सारे जेवरात लेकर कहीं चली गई है। इसी बीच उसने बांध में मिले महिला के शव को अपनी पत्नी का होना बताया। जगदीश की बातों और हरकतों से पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पुलिस टीम ने पहले जगदीश के घर को सर्च किया। जगदीश ने जो गहने पदमनी द्वारा ले जाने की बात कही गई थी, वह एक पोटली मिली, वहीं खून के कुछ धब्बे भी दिखे। जिस कंटीले तार से पदमनी का शव बांधा गया था, उसी तार का हिस्सा जगदीश के घर में दिखा। पूछताछ पर जगदीश ने अपनी पत्नी की हत्या की बात स्वीकार ली।

पदमनी और जगदीश की शादी साल 2009 में हुई थी। शादी के बाद से



दोनों के बीच विवाद होते रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि जगदीश सनकी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। वह छोटी-छोटी बात में अपनी पत्नी से मारपीट करता था। कुछ समय पहले भी उसने पदमनी को बुरी तरह पीटा था। मायके पक्ष के लोग गुंडरदेही पहुंचे थे, तब सामाजिक बैठक में दोनों का विवाद सुलझा लिया गया था। लेकिन जगदीश की हरकत थमी नहीं।

### ग्रामीणों ने ली थी श्मशान घाट में चिता की तस्वीर

पदमनी के सर कटी लाश मिलने के दिन कुछ ग्रामीणों ने श्मशान घाट की चिता में खोपड़ी की यह तस्वीर ली। आमतौर पर किसी भी चिता में सिर का हिस्सा खड़ी स्थिति में नहीं होता। इसी से संशय हुआ की यह सिर किसी अन्य का है। आरोपी ने स्वीकारा की उसने अपनी पत्नी का सिर इसी चिता में डाला था। घटना वाले दिन गांव के श्मशान घाट में सिर्फ एक ही चिता जली थी। पुलिस को आशंका है कि यही पदमनी के सिर का कंकाल है।

### साले ने धमकाया तब थाने में आरोपी ने की शिकायत

सुबह बच्चों ने अपनी मां के बारे में पिता जगदीश से पूछा। लेकिन जगदीश ने बच्चों को यह कहकर गुमराह कर दिया कि उनकी मां मायके गई है। 14 जुलाई को उसने अपने मायके में भी फोन किया और पदमनी के कहीं चले जाने की बात कही। पदमनी का मायके पक्ष पहले ही जगदीश की हरकत और सनकी प्रवृत्ति से वाकिफथा, उसके साले ने थाने में शिकायत करने की धमकी दी। इसके बाद जगदीश खुद ही अंबागढ़ चौकी थाने पहुंच गया और पुलिस को गुमराह करने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। खुलासा के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। जगदीश और पदमनी के 10 साल की बेटी और 8 साल का बेटा है। जगदीश की हरकतों की वजह से दोनों का ही लगाव अपने मां के साथ रहता था। अब दोनों बच्चों के सिर से मां का साया भी छिन गया। इधर पदमनी के भाई राकेश साहू ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन की बलि दी गई है। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है कि घर में सिंदूर और नींबू भी देखा गया है। वहीं सिर काटकर उसे श्मशान की चिता में फेंका जाना सामान्य नहीं हैं। जगदीश के परिवार के एक सदस्य को तांत्रिक होना भी बताया।

### दिन में हत्या की, रात में शव के किए टुकड़े

जगदीश ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई को बच्चों के स्कूल जाने के बाद उसका पदमनी से विवाद हुआ। दोपहर करीब 3 बजे उसने विवाद के दौरान पदमनी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर के कमरे में छिपा दिया। रात में जब बच्चे सो गए तो उसने आरी और टंगिया से पदमनी का सिर काटा और गांव के श्मशान में जलती चिता में सिर फेंक आया। इसके बाद हाथ-पैर धड़ से अलग किया। सभी हिस्सों को घर में रखे कंटीले तार से बांधकर बांध में डुबा दिया और तार का दूसरा हिस्सा झाड़ियों से कसकर बांध दिया ताकि शव बाहर न आ सके।

### शव के हिस्से तलाशने में पुलिस की अहम भूमिका

जगदीश ने बड़ी ही निर्ममता से पदमनी के शव के टुकड़े किए थे। काटे गए हाथ-पैर को भी समेटकर बांध की झाड़ियों से बांध दिया था, ताकि कोई भी हिस्सा बाहर न आए। लेकिन धड़ मिलने के बाद पुलिस की गोताखोर टीम ने दो दिनों तक सर्च ऑपरेशन चलाया। तालाब के हर हिस्से को खंगाला इसके बाद मृतका के हाथ-पैर भी बरामद हुए। हालांकि शव चिता में जल जाने की वजह से नहीं मिल पाया। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि इस एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है।

# लड़की की शादी बताकर दुकान में देख रहा था मंगलसूत्र, दो चुरा लिए, गिरफ्तार



**रायपुर ( ए )।** लड़की की शादी की बात कहकर दुकान में मंगलसूत्र देखने के बहाने दो मंगलसूत्र चुराने के मामले में पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राजेंद्र नगर निवासी आरोपित कन्हैया लाल राजपाल और मुकेश कुकरेजा पकड़े गए। आरोपितों के पास से चोरी के मंगलसूत्र और घटना में उपयोग की गई बाइक जब्त कर ली गई है।

घटना भाठागांव चौक स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक जसराज सोनी ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने पुलिस को बताया था कि 16 जुलाई को वह बाजार गया था। ज्वेलरी दुकान पत्नी संगीता सोनी थी। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और लड़की की शादी के लिए मंगल सूत्र दिखाने को कहा। संगीता ने सोने के पांच मंगलसूत्र दिखाए। उन्हें देखने के बाद आरोपित ने और डिजाइन दिखाने को कहा। इस पर संगीता मंगलसूत्र निकालने के लिए जैसे ही काउंटर के नीचे झुकी, वह व्यक्ति पांच में से दो मंगलसूत्र उठाकर निकल गया।। दुकान के बाहर एक और व्यक्ति बाइक लेकर खड़ा था, जिस पर बैठकर दोनों फरार हो गए। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पतासाजी के बाद आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्रमांक - 5541/ नि.प्र.क्र.-06 / लो.नि.वि. / 2022-23  दुर्ग, दिनांक 18.07.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27.07.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08.08.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 10.08.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

| स. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0108 | 11KV/33KV work at Aamti To Achhoti, Distt. Durg. | 14.00 Lacs |
| (2) T0109 | 11KV/33KV work at Achhoti To Albaras, Distt. Durg. | 15.00 Lacs |
| (3) T0110 | 11KV/33KV work at Bharda To Achhoti, Distt. Durg. (2nd Call) | 10.00 Lacs |
| (4) T0111 | 11KV/33KV work at Maitri Garden Chowk to Maroda Flyover Bridge, Distt. Durg. | 5.09 Lacs |
| (5) T0112 | 11KV/33KV/LT & ElectriFication Work under Civil Division Khairagarh, Distt. Rajnandgaon | 19.60 Lacs |
| (6) T0113 | 11KV/33KV work at Village Masabhat to Bhilai Road Distt. Durg. | 1.99 Lacs |
| (7) T0114 | LT Line/Dp Work at Sirsakala To Devbaloda Road, Distt. Durg. (2nd Call) | 17.72 Lacs |
| (8) T0115 | 11KV/Transformer Work at Sirsakala to Devbaloda Road, Distt. Durg. (2nd Call) | 16.46 Lacs |
| (9) T0116 | Maintenance of Air Conditiners under Distt. durg | 5.00 Lacs |
| (10) T0117 | 11KV/33KV work at kaivalyadham Kumhari Road, Distt. Durg. | 7.80 Lacs |
| (11) T0118 | 11KV/Transformer DP work at Piproldeeh Bargaon (Matiya) Mudpar (Sungera To Mudpar) Road, Distt. Bemetara (2nd Call) | 5.46 Lacs |
| (12) T0119 | LT Line work at Muhdabari to vikrampur Road Distt. Rajnanngaon. | 2.24 Lacs |
| (13) T0120 | 11KV Line work at Muhdabari to katangikala Road, Distt. Rajnandgaon. | 2.82 Lacs |
| (14) T0121 | 33KV/11KV/LT & Electrification work under Distt. Rajnandgaon. | 19.80 Lacs |
| (15) T0122 | Maintenance of Air Conditioners under district Kabirdham | 3.00 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप: (1) The Tender forms will be issued only to the contractors having "A" Class valid license from chief electrical Inspector of C.G. Govt. and unified Registration system of C.G. Govt.
(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेगा।

जी-93116/5

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग ( वि./यां. )
संभाग दुर्ग



summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For :
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सीसीएम हॉस्पिटल में निः शुल्क कोविड के बुस्टर डोज की शुरूआत

**दुर्ग।** चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग में नि:शुल्क कोविड का बूस्टर टीकाकरण आरम्भ हो चुका है। वर्तमान में यहाँ कोविशील्ड व कोवैक्सीन दोनों उपलब्ध हैं जिसका लाभ मेडिकल स्टॉफ ले रहे हैं चिकित्स्कों एवं नर्सिंग स्टॉफने बूस्टर डोज़ लगवाया है। शिशु रोग विभाग के व टीकाकरण कार्यक्रम के प्रमुख डॉ. ओमेश खुराना ने आव्हान किया है कि आम जनता भी इस सुविधा नि: शुल्क का लाभ ले सकती है। दूसरे डोज़ के बाद 26 हफ़्तों में ही बूस्टर डोज़ लगवाना है जहां पहले नौ महीनों का अंतराल आवश्यक माना गया था। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीके पात्रा एवं सम्बद्ध चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर देशकर के निर्देशानुसार आगामी 27 जुलाई को विश्व सीपीआर दिवस पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें चिकित्सा शिक्षक व नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्तिथियों में मरीज़ की प्राण रक्षा कर सकने का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे हार्ट अटैक, सांस बंद होने, डूबने, इलेक्ट्रिक शॉक लगने या मिर्गी के मरीज़ो की त्वरित चिकित्सा करने का मॉडल्स पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### 220 के.व्ही.डोमा सबस्टेशन में मेंटेनेंस कार्य के चलते 132 के.व्ही पाटन की विद्युत सप्लाई 22 को रहेगी बाधित

**दुर्ग।** दिनांक 22 जुलाई 2022 को ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 220 के.व्ही. सबस्टेषन डोमा, रायपुर में अतिआवष्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। जिसका प्रभाव दुर्ग जिले के 132 के.व्ही. पाटन उपकेंद्र को भी होगा। जिसके कारण 132 के.व्ही.पाटन की इनकमिंग सप्लाई पूर्णत: चार घंटे बाधित रहेगी। अत: 132 के.व्ही.पाटन से निकलने वाली समस्त 33 के.व्ही.फीडरों से संबंधित ग्रामों में उक्त दिनांक को विद्युत आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक बंद रहेगी। ज्ञात हो कि 132 के.व्ही.उपकेंद्र पाटन से निकलने वाली सभी 33/11 के.व्ही.उपकेंद्रों यथा पाटन, सोनपुर, अमलेष्वर, ग्रीन अर्थ, जामगांव(एम) तर्रा, रानीतराई, केसरा, सेलूद एवं इन क्षेत्रों में विद्यमान उच्चदाब उपभोकता एवं संबंधित ग्रामों में विद्युत आपूर्ति चार घंटे प्रभावित रहेगी।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने महापौर नीरज पाल ने ली राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की बैठक

# एसएसजी की महिलाओं के कार्यों में सक्रियता लाने सीओ, सीआरपी प्रतिदिन करें मानिटरिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में महापौर नीरज पाल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा महिलाओं के कार्यों में सक्रियता लाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य मीरा बंजारे, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी अजय शुक्ला, मिशन मैनेजर, सीओ, सीआरपी की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रही।**




महापौर नीरज पाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि स्व सहायता के हर समूह की महिला को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके कार्यों में सक्रियता लाने का कार्य करें, उन्होंने इसके लिए सीओ और सीआरपी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई, प्रत्येक सीओ से उनके अधीन कार्य कर रहे स्व सहायता समूह की महिलाओं की संख्यात्मक जानकारी भी प्राप्त की गई। कौन सी महिला समूह एक्टिव होकर कार्य कर रही है और कौन सी महिलाएं समूह के अंतर्गत कार्य नहीं कर पा रही है इन सभी की विस्तृत समीक्षा बैठक में की गई। प्रत्येक महिला स्व सहायता समूह को मिलने वाले आवर्ती निधि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। आवर्ती निधि से प्राप्त लोन की राशि का वर्तमान में महिलाएं क्या उपयोग कर रही है और किस प्रकार से अपने आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ रही है इन सभी की जानकारी ली गई।

बैठक में कहा गया कि प्रत्येक महिला स्व सहायता समूह के कार्यों की मॉनिटरिंग आवश्यक है, उन्हें लोन से प्राप्त पैसों से आगे कैसे आर्थिक उन्नति की ओर ले जाया जा सकता है, किस प्रकार से व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सकता है इस पर विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है। कई स्व सहायता समूह की महिलाएं अच्छा काम कर रही है परंतु कई स्व सहायता समूह अभी भी निष्क्रिय है ऐसे समूह को मोटिवेट कर उन्हें अच्छे कार्य जोड़ा जा सकता है। बैठक में अपर आयुक्त ने कहा कि हालांकि महिलाएं गौठान में अच्छा कार्य कर रही है, मछली पालन, मुर्गी पालन, अगरबत्ती व साबुन निर्माण, वर्मी कंपोस्ट बनाने, फिनाइल निर्माण, दोना पत्तल निर्माण जैसे कार्यों को कर रही है। ऐसे ही प्रत्येक महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को टीमवर्क से कार्य कर आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ना होगा तथा आय का स्थायी जरिया ढूंढना होगा।

आज की बैठक में पीएम स्व निधि पर भी विस्तृत चर्चा की गई, पथ विक्रेताओं को सर्वे के उपरांत आइडेंटी कार्ड दिया गया है तथा वेंडर्स को प्रमाण पत्र भी दिया जाना है इस पर भी आज समीक्षा हुई। आजीविका मिशन से जुड़े हुए तमाम योजनाओं की जानकारी महापौर ने ली। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह की प्रत्येक सदस्य महिलाओं को रुचि लेकर कार्य करना होगा, निगम ने महिलाओं को आर्थिक उन्नति की राह में ले जाने के लिए बहुत सारे प्लेटफार्म उपलब्ध कराए हैं।

# डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट में बी.कॉम की कक्षाएं 25 जुलाई से प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई ।** कॉमर्स के क्षेत्र में निरंतर सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाली संस्था प्रोफेशनल कैरियर एंड कम्प्यूटर्स (डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट) के संचालक डॉ. संतोष राय ने बताया कि बी. कॉम. की कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ हो चुका हैं, 25 जुलाई से बी. कॉम. की कक्षाएं संस्था में प्रारंभ की जा रही है। कॉमर्स की एक मात्र ऐसी संस्था हैं जहां बी.कॉम. के सभी विषय पढ़ाये जाते हैं। साथ ही 196 जोनल मार्केट सेक्टर-10 संचालित संस्था डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट में 11वीं, 12वीं, सी.ए./ सी.एम.ए. /सी.एस./ परसनाल्टी डव्लपमेन्ट/ जी.डी.पी.आई. की कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है ।

आगे जानकारी देते हुए डॉ. राय ने बताया कि संस्था में समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कैरियर के प्रति मार्गदर्शित भी किया जाता है एवं साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट के द्वारा उनका मूल्यांकन किया जाता है। डॉ. संतोष राय स्वंय कहते हैं सफ्लता किसी की व्यक्तिगत जागिर नहीं हैं, सफ्लता तो कठिन परिश्रम का परिणाम हैं।

संस्था में आज प्रोफेशनल शिक्षकों की एक सशक्त टीम हैं जिसमें प्रमुख रूप से स्वंय डॉ. संतोष राय, डॉ. मिद्ध, सी.ए. प्रवीण बाफ्ना, सी. ए. केतन ठक्कर, सी.ए. द्विव्या रत्नानी, डॉ. पीयूष जोशी, सी.एम.ए. अदिती गंगवानी, अविनाश कौर द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाता है। डॉ. संतोष राय स्वंय आज भी कॉमर्स में 12 घंटे की मैराथन क्लास प्रतिदिन लेते हैं।

# बाबा बैजनाथ पर जल चढ़ाने कावड़ियों का दल रवाना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** सावन के महीने में शिवधाम जाने दुर्ग से दस सदस्यीय भक्तों का दल बुधवार शाम बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ।

श्रद्धा और आस्था स्व परिपूर्ण युवाओं का कहना था की देश मे अमन और शांति का संदेश देते हुए देवघर पहुच बाबा बैजनाथ को गंगाजल अर्पित करेंगे।

सारे भक्त बोल बम एवं हर हर महादेव का नारा लगाते हुए दुर्ग स्टेशन से रवाना हुए । दल में कवीन्द्र शर्मा, आदित्य शर्मा , अभिजीत शर्मा , राहुल नाग , अनूप जैसवाल , भागबली बघेल , रितेश जैसवाल , बंशी नेताम , नागेश पाड़े , ललित एवं सूरज चक्रवर्ती अपने साथ कावड़ लेकर रवाना हुए ।

मानसून सत्र में वरिष्ठ विधायक वोरा ने विस में लगाई सवालों की झड़ी

# जनहितैषी मुद्दों को शासन के समक्ष रखना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारीः अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ में विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार से प्रारंभ हो गया है जहां दुर्ग शहर विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने लगभग सभी विभागों से जुड़े प्रदेश एवं शहर की जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों एवं आवश्यकताओं से संबंधित प्रश्न लगाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है।**



उन्होंने प्रदेश में निगम मंडलों की स्थिति, विद्युत उत्पादन एवं आपूर्ति, पीएचई से संबंधित जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, एवं पेयजल गुणवत्ता के सैम्पल जांच, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल एवं नर्सिंग कालेजों में रिक्त पदों, कोविड टीकाकरण की स्थिति, जिले के नगर निगमों में विकास कार्यों के लिए राशि के आबंटन, राशनकार्ड, विधवा पेंशन, उद्योग में सीमेंट एवं इस्पात संयंत्रों की स्थिति सीएसआर की राशि का ब्यौरा समेत प्रादेशिक मामलों के अलावा शहर में चल रहे बड़े विकास कार्यों से संबंधित सवाल भी विधानसभा पटल पर संबंधित मंत्रियों के समक्ष उठाया है। वोरा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि की महती जिम्मेदारी है कि शासन के समक्ष जा हितैषी मुद्दों को संज्ञान में लाया जाए जिससे जनता को लाभ मिल सके।

माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ऐतिहासिक कार्य कर रही है एवं सर्वहारा वर्ग के हितों के लिए संकल्पित है ।

शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रशासनिक सहयोग आवश्यक है। जिसके लिए मामलों को विस् पटल पर रखते हुए संबंधित विभागों को अवगत कराया गया है।

# विशेष सम्मिलन में दोनों विषय पर बहुमत से संकल्प पारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम में आज खालसा स्कूल कांफ्रेंस हॉल में विशेष सम्मिलन का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के संबंध में नगर निगम क्षेत्र के पात्र 161 हितग्राहियों की सूची को बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया गया।**



बैठक की अध्यक्षता निगम सभापति राजेश यादव ने किया पूर्व निर्धारित समयानुसार निगम द्वारा प्रमुख रूप से दोनों विषयों पर चर्चा उपरांत बहुमत से प्रस्ताव पारित करके छत्तीसगढ़ शासन को भेज जाने हेतु विशेष सम्मेलन का आयोजन आज किया गया था सम्मेलन में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं समस्त एमआईसी सदस्य और निगम के सभी पार्षदगण, एल्डरमैन उपस्थित रहे सम्मेलन निर्धारित समय अपरान्ह 3:00 बजे शुरू हुई जो एजेंडा के पठन के पश्चात सभापति द्वारा विषयो में चर्चा उपरांत बहुमत से दोनों प्रस्ताव को पारित कर दिया गया उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ क्वांटिफाइबल डाटा आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के के निर्देश पर राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक एवं कमजोर लोगों के सर्वेक्षण एवं डाटा संग्रहण निगम क्षेत्र में किया गया था। उक्त संग्रहण सूची को निगम के एमआईसी की बैठक में संकल्प पारित कर अनुमोदन हेतु सामान्य सभा में प्रस्तुत किया गया।इसी प्रकार दूसरे नबंर के एजेंडा जिसमे नगर निगम क्षेत्र में निवासरत हितग्राहियों जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति जनजाति के हितग्राही शामिल है।विभाग द्वारा 161 हितग्राहियो की सूची को एमआईसी की बैठक में संकल्प पारित कर विशेष सामान्य सभा में अनुमोदन हेतु किया गया था।जिसे आज विशेष सम्मेलन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिसे सभापति श्री यादव द्वारा महापौर श्री बाकलीवाल व उपस्थित पार्षदों के बीच पठन किया गया पठन के समय विपक्ष के पार्षदों के द्वारा विरोध स्वरूप सभापति के आसन के सामने इकठ्ठा होकर सम्मिलन आयोजित करने का विरोध किया जा रहा था। सभापति द्वारा इस दौरान कई बार विपक्ष के पार्षदों को आने स्थल पर बैठकर अपना पक्ष करने हेतु निवेदन किया गया किंतु विपक्ष द्वारा सभापति के निवेदन को अन सुना कर विरोध व्यक्त किया गया। अंतत: सभापति द्वारा दोनों विषयो पर मत विभाजन कराकर बहुमत से प्रस्ताव पारित किया गया।विशेष सामान्य सभा मे मौजूद आयुक्त प्रकाश सर्वे,अब्दुल गनी,ऋषभ जैन,संजय कोहले,जमुना साहू,हामिद खोखर, सत्यवती वर्मा, अरुण सिंह,मीना सिंह, देवनारायण चंद्राकर, बृजेश भारद्वाज,सहित अन्य पार्षदगण, एल्डरमेनो के अलावा अधिकारीगण मौजूद थे।

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के भेलवा तालाब का किया निरीक्षण

# तालाब परिसर में देखी सफाई व्यवस्था, मॉर्निंग वॉक में घूम रहे लोगों से लिया फीडबैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर आज सुबह प्रात: 6:00 बजे शहर के प्रमुख तालाब भेलवा तालाब पहुंचे। वहां उन्होंने मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से फीडबैक लिया, वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि गुरु नानक देव सरोवर तालाब को गुरु नानक देव समिति के द्वारा संचालन एवं संधारण के लिए लिया गया है, परंतु फिर भी सफाई की और भी आवश्यकता तालाब में है।**



निगम आयुक्त ने जनसहयोग से भी सफाई करने की लोगों से अपील की, उन्होंने कहा कि निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला और निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर जन सहयोग से समय-समय पर भेलवा तालाब की सफाई की जाएगी। शमशेर बहादुर सिंह ने आयुक्त को ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि विगत कुछ समय से तालाब में कीचड़ युक्त पानी सम्मिलित होने लगा है। निगम आयुक्त ने जोन आयुक्त से कहा कि तालाब सफाई के लिए एक बेहतर प्लान तैयार करें, ताकि तालाब के पानी की सफाई की जा सके।

निगमायुक्त ने मॉर्निंग वॉक करते हुए पूरे तालाब परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान तालाब में घूमने आए लोगों से उन्होंने फीड बैक लिया। उल्लेखनीय है कि हर रोज दिन और रात को भेलवा तालाब में सैकड़ों लोग घूमने के लिए आते हैं। नेहरू नगर गुरुद्वारा से लगा हुआ भेलवा तालाब अपने आप में शहर के आकर्षण का केंद्र है। निगमायुक्त ने स्मृति नगर के विभिन्न इलाकों का सफाई को लेकर निरीक्षण किया वही एक उद्यान नुमा स्थान पर उन्होंने विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए, जलभराव न होने देने के लिए उपाय अपनाने के भी निर्देश आयुक्त ने दिए, समीपस्थ एक महिला द्वारा आकर्षक गार्डेनिंग खाली स्थल पर किया गया था, जिसका निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर जायजा लिया और जोन स्वास्थ्य अधिकारी को आसपास के स्थलों को सफाई बरकरार रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने आसपास के नालियों की सफाई भी देखी। निरीक्षण के दौरान स्मृति नगर के पार्षद मुकेश अग्रवाल, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950